# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, शुक्रवार 20 मार्च 2026










### सदन में भाजपा विधायकों ने लगाए जय श्री राम के नारे

# धर्म स्वातंत्र्य विधेयक पास, धर्मांतरण पर 25 लाख तक जुर्माना और उम्रकैद भी

छत्तीसगढ़ विधानसभा में गुरुवार को बहुप्रतीक्षित धर्म स्वातंत्र्य विधेयक-2026 पारित हो गया। विधेयक में धर्मांतरण पर सख्त सजा का प्रावधान किया गया है। सामूहिक धर्मांतरण कराने वाले व्यक्ति को आजीवन कारावास तक का दंड मिलेगा और शामिल होने वाले शख्स को 6 महीने की जेल संभव है। विधेयक का उद्देश्य बल, प्रलोभन, धोखाधड़ी या गलत जानकारी देकर कराए जाने वाले धर्मांतरण पर रोक लगाना है। विधेयक के पास होते ही भाजपा विधायकों ने सदन में जय श्री राम के नारे लगाए।

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

खास खबर

विधेयक सदन में पेश करने पर विपक्ष ने इसकी प्रक्रिया और प्रावधानों पर सवाल उठाते हुए विरोध दर्ज कराया और सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया। विपक्ष की अनुपस्थिति में ही सदन में विधेयक पर चर्चा कर पारित कर दिया गया।

विधेयक के सदन में पेश होते ही विपक्ष ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। विपक्षी दलों का तर्क था कि इस विधेयक की बारीकियों और इसके संभावित प्रभावों की समीक्षा की जानी चाहिए, इसलिए इसे विधानसभा की प्रवर समिति के पास भेजा जाना चाहिए। हालांकि, आसंदी द्वारा विपक्ष की इस आपत्ति को खारिज कर दिया गया। आसंदी के इस फैसले से नाराज होकर विपक्ष ने एकजुट होकर सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करने का निर्णय लिया और सदन से बाहर चले गए।

**धर्मांतरण की अनिवार्य प्रक्रिया और पूर्व घोषणा:** नए नियमों के अनुसार, अब धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया काफी सख्त होगी। कोई भी व्यक्ति जो अपना धर्म बदलना चाहता है, उसे निर्धारित प्रारूप में उस क्षेत्र के जिला मजिस्ट्रेट या अधिकृत अधिकारी को एक घोषणा पत्र सौंपना होगा। धर्मांतरण का अनुष्ठान कराने वाले ▶▶| शेष पेज 7 पर

### गृहमंत्री बोले

#### *विधेयक कानूनी प्रक्रिया के तहत लाया गया*



*विपक्ष के आरोपों पर जवाब देते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने स्पष्ट कहा, सुप्रीम कोर्ट ने इस विषय पर कोई स्टे नहीं दिया है। नए कानून बनाने पर भी कोई रोक नहीं है। उन्होंने कहा, सदन में चर्चा के दौरान सभी पक्षों को अपनी बात रखने का अवसर मिलेगा। विधेयक पूरी तरह से कानूनी प्रक्रिया के तहत लाया गया है। उपमुख्यमंत्री शर्मा ने कहा, 1968 में जिस कानून को* ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विपक्ष ने सदन की कार्यवाही का बहिष्कार किया



## साय बोले- कानून बनने से प्रलोभन, दबाव और छल से धर्मांतरण पर अब पूरी तरह रोक



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में धर्म स्वातंत्र्य विधेयक 2026 के पारित होने को प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह कानून आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक अस्मिता की रक्षा के लिए एक निर्णायक कदम है। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विपक्ष पर सवाल

मुख्यमंत्री श्री साय ने इस विषय पर विधानसभा में विपक्ष के रुख पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण और संवेदनशील विषय पर चर्चा में भाग लेना चाहिए था और समाजहित में अपने ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पारदर्शिता और जवाबदेही के नए मानक

कानून के क्रियान्वयन के लिए विशेष न्यायालयों और विशेष लोक अभियोजकों की नियुक्ति की जाएगी ताकि मामलों का त्वरित निस्तारण हो सके। धर्मांतरण में सहायता करने वाले व्यक्तियों या संस्थाओं को अपना पंजीकरण कराना होगा और प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अपनी गतिविधियों और प्राप्त निधियों (घरेलू या विदेशी) की वार्षिक रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी को सौंपनी होगी। साक्ष्य का भार उस व्यक्ति पर होगा ▶▶| शेष पेज 7 पर

### विवाह और धर्मांतरण पर विशेष प्रावधान

विधेयक में केवल धर्मांतरण के उद्देश्य से किए जाने वाले विवाहों पर कड़ा रुख अपनाया गया है। यदि अलग-अलग धर्मों के व्यक्ति विवाह करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रस्तावित विवाह से 60 दिन पहले सक्षम प्राधिकारी को सूचित करना अनिवार्य होगा। प्राधिकारी इस बात की जांच करेंगे कि क्या विवाह का मुख्य उद्देश्य अवैध धर्मांतरण है। कानून स्पष्ट करता है कि केवल विवाह करना किसी भी धार्मिक धर्मांतरण को वैध बनाने के लिए पर्याप्त नहीं होगा और इसके लिए निर्धारित कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करना ही होगा।

### सख्त सजा और जुर्माने का प्रावधान

अवैध धर्मांतरण के दोषियों के लिए दंड के बेहद कड़े प्रावधान किए गए हैं। धारा 3 के उल्लंघन पर सामान्यतः 7 से 10 वर्ष तक के कारावास और कम से कम 5 लाख रुपये के जुर्माने की व्यवस्था है। हालांकि, यदि पीड़ित नाबालिग, महिला, या अनुसूचित जाति/जनजाति से संबंधित है, तो कारावास की अवधि 10 से 20 वर्ष तक हो सकती है ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दूसरे राज्यों में भी काम कर सकेगा बोर्ड

# हाउसिंग बोर्ड अब मकान ही नहीं सड़क, पुल-पुलिया भी बनाएगा



*बोर्ड अब अधोसंरचना विकास मण्डल के नाम से जाना जाएगा*



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर**

हाउसिंग बोर्ड अब मकानों के साथ सड़क, पुल-पुलियों का भी काम कर सकेगा। इतना ही नहीं, बोर्ड दूसरे राज्यों में भी काम करेगा। बोर्ड के हालात को देखते हुए इसका कायाकल्प करने गुरुवार को विधानसभा में संबंधित विधेयक पारित किया गया।

राज्य में आवासीय और शहरी अधोसंरचना विकास को व्यापक स्वरूप देने के उद्देश्य से वित्त एवं आवास पर्यावरण मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल अधिनियम, 1972 (संशोधन) विधेयक 2026 को विधानसभा में पारित कर दिया गया। अब यह छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल के नाम से जाना जाएगा, यह संशोधन मंडल की भूमिका को विस्तार देते हुए उसे एक आधुनिक और बहुआयामी इंफ्रास्ट्रक्चर एजेंसी के रूप में विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

वित्त मंत्री श्री चौधरी ने सदन में जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का गठन मूलतः मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल अधिनियम, 1972 के तहत किया गया था। राज्य गठन के बाद यह संस्था प्रदेश में आवासीय योजनाओं, नगरीय अधोसंरचना और किफायती ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 6 रिडेवलपमेंट परियोजनाओं की डीपीआर तैयार

मंत्री चौधरी ने बताया कि 650 करोड़ रुपये से अधिक की 6 रिडेवलपमेंट परियोजनाओं की डीपीआर तैयार हो चुकी है। नवंबर 2025 में आयोजित राज्य स्तरीय आवास मेले में 2,060 करोड़ रुपये की 56 नई परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया, जिसमें 2,517 संपत्तियों की बुकिंग और 1,477 का आवंटन किया जा चुका है। वर्तमान में मंडल छत्तीसगढ़ के 33 में से 27 जिलों में सक्रिय है और प्रक्रियात्मक सुधारों के माध्यम से रजिस्ट्री के साथ भौतिक कब्जा सुनिश्चित किया जा रहा है। इसके अलावा, 858 करोड़ रुपये की लागत से 146 विकासखंडों में शासकीय आवासों का निर्माण कर मंडल ने अपनी तकनीकी क्षमता भी सिद्ध की है। उन्होंने कहा कि रायपुर, नवा रायपुर, भिलाई-दुर्ग और राजनांदगांव को एकीकृत कर एक शहरी कॉरिडोर के रूप में विकसित किया जाएगा, जिसमें गृह निर्माण मंडल की भूमिका अहम होगी।

## खबर संक्षेप

### केरल में बर्ड फ्लू, 5 हजार पक्षियों को मारा जाएगा

**अलप्पुझा (केरल)।** अलप्पुझा जिले की मुहम्मा ग्राम पंचायत के वार्ड 7 में बर्ड फ्लू (एच5एन1) के मामलों की पुष्टि होने के बाद प्राधिकारियों ने भारत सरकार की 2021 की कार्ययोजना के अनुरूप इसकी रोकथाम संबंधी कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि इन कदमों के तहत 5,000 से अधिक पक्षियों को मारा जाएगा।

### दिल्ली विधानसभा में 'चैटबॉट' की शुरुआत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आगामी बजट सत्र से पहले बृहस्पतिवार को एआई-सक्षम 'चैटबॉट' विधान साथी की शुरुआत की। गुप्ता ने कहा कि यह सुविधा सदन के सदस्यों के लिए विधायी शोध सहायक के रूप में कार्य करेगी। उन्होंने कहा, 'विधान साथी ऐप विधानसभा के सभी सदस्यों के लिए उपलब्ध होगा।

### आरएसएस सोशल मीडिया पर सक्रियता बढ़ाए : भागवत

**नागपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि सोशल मीडिया का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है इसलिए संघ को अच्छे उद्देश्य के लिए ऐसे मंचों पर 'सक्रियता' बढ़ाने की आवश्यकता है। भागवत ने नागपुर में मराठी समाचार पत्र 'तरुण भारत' के शताब्दी समारोह में कहा कि लोग सोशल मीडिया का व्यापक रूप से इस्तेमाल करते हैं।

### जैजैपुर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम जर्वे का मामला

## दिव्यांग शिक्षक की हत्या कर शव को ट्राइसाइकल समेत बाड़ी में जलाया

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| जैजैपुर**

सक्ती जिले के जैजैपुर ब्लॉक अंतर्गत जर्वे गांव में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने दिव्यांग शिक्षक की बेरहमी से हत्या कर उसे ट्राईसाइकल समेत जला दिया। सूचना पर पुलिस की टीम पहुंची और जले हुए लाश का पंचनामा पोस्टमार्टम करवाया। पुलिस ने हत्या का अपराध कायम किया है। आरोपी की गिरफ्तारी अभी नहीं हो पाई है। घटना का कारण जमीन खरीदी बिक्री का विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के अनुसार जैजैपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत जर्वे में शिक्षक देवानंद भारद्वाज ▶▶| शेष पेज 7 पर



#### *पत्नी से अनबन बच्चों के सिर से उठा पिता का साया*

*दिव्यांग शिक्षक देवानंद भारद्वाज के दो बच्चे हैं। 10 वर्ष की बेटी डिंपल और 4 वर्ष का बेटा दिव्यांश। जबकि अनबन के चलते उसकी पत्नी 3-4 वर्ष पहले ही देवानंद को छोड़कर अपने मायके रानीगांव में रहती हैं। बच्चों की देखभाल उसके पिता देवानंद किया करते थे। वर्तमान में बच्चों की देखभाल कौन करेगा यह बड़ा प्रश्न है।*

### बड़ी सफलता

## गढ़चिरौली में माओवाद को झटका इनामी 11 नक्सलियों ने डाले हथियार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| मोहला**

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में माओवाद के खिलाफ चल रहे अभियान को एक बड़ी सफलता मिली है। गढ़चिरौली पुलिस और सीआरपीएफ के समक्ष 11 वरिष्ठ माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया है। इनमें डीवीसीएम, क्षेत्रीय समिति सचिव, पीपीसीएम, कमांडर और एसीएम रैंक के हार्डकोर माओवादी शामिल हैं। इन पर सरकार द्वारा कुल 68 लाख रुपये का इनाम घोषित था। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### माओवाद अब अंतिम चरण में

गढ़चिरौली में कभी माओवाद का व्यापक प्रभाव था और यह जिले के सभी 10 उप-विभागों में फैला हुआ था। लेकिन अब यह गतिविधियां सिमटकर केवल भामरागढ़ उप-विभाग के सीमावर्ती क्षेत्रों तक ही रह गई हैं। लगातार हो रही सख्त कार्रवाई और पुनर्वास नीति के चलते माओवादी संगठन कमजोर पड़ता जा रहा है। साल 2005 से महाराष्ट्र सरकार द्वारा लागू आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति का सकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। इसी नीति के तहत अब तक 794 ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राज्यसभा सांसदों को लेकर एडीआर की रिपोर्ट

# 73 पर क्रिमिनल केस, भाजपा के 27, कांग्रेस के 12 सांसद

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली**

चुनाव सुधारों से संबंधित गैर-सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार राज्यसभा के लगभग 32 प्रतिशत मौजूदा सांसदों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामलों की घोषणा की है, जबकि इनमें से 14 प्रतिशत अरबपति हैं। यह रिपोर्ट राज्यसभा के 233 सदस्यों में से 229 के हलफनामों के विश्लेषण पर आधारित है। फिलहाल झारखंड की एक सीट खाली है, जबकि तीन सांसदों के हलफनामे उपलब्ध नहीं थे। इस विश्लेषण में हाल में निर्वाचित 37 सदस्य भी शामिल हैं। जिन 229 सांसदों के दस्तावेजों का विश्लेषण किया गया है, उनमें से 73 (32 प्रतिशत) ने आपराधिक मामलों की घोषणा की है। उनमें से 36 (16 प्रतिशत) ▶▶| शेष पेज 7 पर

- **31 सांसदों (14 प्रतिशत) की कुल संपत्ति है अरबों में**
- **बीआरएस सांसद हैं सबसे ज्यादा धनवान**




### इन पर हैं आपराधिक मामले

भाजपा के 99 सांसदों में से 27, कांग्रेस के 28 सांसदों में से 12, तृणमूल कांग्रेस के 13 सांसदों में से चार और आम आदमी पार्टी के 10 सांसदों में से चार ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज होने की घोषणा की है। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारत राष्ट्र समिति ( बीआरएस) के तीन-तीन सांसदों ने भी आपराधिक मामलों का खुलासा किया है।

### सारथी के पास है 5,300 करोड़ रुपये की संपत्ति

बीआरएस सांसद बंडी पार्थ सारथी ने सबसे अधिक करीब 5,300 करोड़ रुपये की संपत्ति घोषित की है। इसके बाद आम आदमी पार्टी के राजेंद्र गुप्ता (5,053 करोड़ रुपये) और वाईएसआरसीपी के अयोध्या रामी रेड्डी आला ( 2,577 करोड़ रुपये) दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। आम आदमी पार्टी के सांसद संत बलबीर सिंह की संपत्ति सबसे कम है, जिनकी संपत्ति लगभग 3 लाख रुपये है। उनके बाद मणिपुर के महाराजा सजोओबा लिशेंबा (लगभग 5 ▶▶| शेष पेज 7 पर




# GRAND LAUNCH

**20, 21 & 22 March 2026**

## PREMIUM RESIDENTIAL PLOTS

**Vedanta Greens**
A project by Shubh Dream Homes Pvt Ltd

विजिट पर निश्चित उपहार
एवं
स्पॉट बुकिंग पर विशेष ऑफर्स

**ASHTVINAYAKA REALTIES**
CGRERA150322A000647

**850Sqft | 1000Sqft | 1250Sqft | 1500Sqft | 2000Sqft**

























MAHESHWARI

### PREMIUM AMENITIES

- **Grand Entrance Gate** with Guard Room & 24/7 Security
- **Modern Infrastructure** Electrification & Street Lights
- **Wide Concrete Roads** 60 ft, 40 ft & 30 ft wide internal roads
- **Spiritual Zone** A beautiful Temple within the campus
- **7 Thematic Gardens** Dedicated spaces for nature & relaxation
- **Essential** 24/7 Water Supply & Drainage System

RERA NO. - PCGRERA130326002056
Website - www.rera.cgstate.gov.in
*नियम व शर्तें लागू

छछानपैरी, पुराना धमतरी रोड, रायपुर


8516003000

Project by
**Shubh Dream Homes Pvt. Ltd**

रायपुर
**शुक्रवार 20 मार्च 2026**
चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
वर्ष : 24, अंक : 238
पृष्ठ : 14+8 =22, मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 33.9
न्यून. 21.3

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



# एक मंदिर ऐसा भी... यहां तिथि नहीं, वार से तय होती है नवरात्रि, तिथि घटने-बढ़ने पर भी पर्व 9 दिन का ही

नवरात्रि विशेष

सचिन अग्रहरि ▶▶| राजनांदगांव

देशभर में शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से नवरात्रि पर्व की शुरुआत हो गई है। हर कोई तिथि के अनुसार ही नवरात्र का पर्व मनाता है, लेकिन राजनांदगांव शहर के सिंघोला में



एक ऐसा भी देवी मंदिर है, जहां तिथि नहीं, बल्कि वार के अनुसार नवरात्रि पर्व मनाया जाता है, जहां देशभर में गुरुवार से नवरात्र की शुरुआत हुई, वहीं सिंघोला के भानेश्वरी मंदिर में एक दिन पहले ही बुधवार से नवरात्र प्रारंभ हो गई थी। इतना ही नहीं इस मंदिर में तिथि के कम-ज्यादा होने पर भी पूरे नौ दिन की ही नवरात्र मनाई जाती है। ▶▶|शेष पेज 7 पर

### पुरुष बोते हैं जंवारा

जहां हर नवरात्र पर्व के अंतिम दिन विसर्जन के अवसर पर महिलाओं द्वारा जोत-जवारा बोया जाता है। वहीं सिंघोला के भानेश्वरी देवी मंदिर में पुरुषों द्वारा जंवारा बोने का काम किया जाता है। इस साल मंदिर में कुल 1029 मनोकामना ज्योत प्रज्वलित किए गए हैं। इनमें सिंघोला के साथ ही आसपास के ग्रामीण सहित महाराष्ट्र जैसे राज्यों के निवासी भी जोत रखवाते हैं। वहीं अष्टमी के अवसर पर माता भानेश्वरी को झूले में बिठाकर झुलाया जाता है। बताया गया कि मां जीवित रहते हुए झूले में झूलती थी, इसलिए साल नवरात्र पर्व के दौरान अष्टमी के अवसर पर ऐसा किया जाता है।

### ऐसी है मंदिर की मान्यता

बताया जाता है कि गांव के एक मध्यम वर्गीय किसान सोमनाथ साहू के परिवार में 9 मई 1911 को भानुमति का जन्म हुआ। 12 वर्ष की उम्र में उसके शरीर में बड़े चेचक के दाने उभरने लगे। इसके बाद गांव के शीतला मंदिर में माता का पर्व मनाया गया। मंदिर में पहुंचने के बाद भानुमति अपने आप हंसने व रोने लगी। उन्होंने संकल्प लिया कि वह शीतला मंदिर में ही रहेंगी। आसपास के लोग भानुमति को माता मानने लगे। लोगों ने उन्हें भानेश्वरी माता का नाम दिया। विशेष धार्मिक पर्व में मां भानेश्वरी कील के कांटो से बने पाटा पर बैठती थी। आज भी कील के कांटो वाला पाटा मंदिर परिसर में है। माता भानेश्वरी ने यहां तीन नवंबर 1975 में समाधि ली। इसके बाद यहां मुख्य मंदिर बनाया गया। मान्यता है कि यहां आने वाले श्रद्धालुओं के दुख माता की भभूति से दूर होते हैं।

### गुरुवार को होता है विसर्जन

मंदिर समिति के अध्यक्ष नरेंद्र साहू ने बताया की मंदिर में नवरात्र का आयोजन ऐसे किया जाता है। जिससे नवमी यानी 9वां दिन सोमवार या गुरुवार को आए। यही कारण है कि इस बार गुरुवार की जगह बुधवार से नवरात्र की शुरुआत कर दी गई है। वहीं जहां देशभर में तिथि के घटने-बढ़ने से 8 या 10 दिन की नवरात्र होती है। इस मंदिर में हर साल 9 दिन की ही नवरात्रि मनाई जाती है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### जुबिन मामला : फास्ट-ट्रैक सत्र अदालत की नियुक्ति



**गुवाहाटी।** गुवाहाटी उच्च न्यायालय ने गायक जुबिन गर्ग की मौत के मामले में रोजाना सुनवाई करने के लिए एक विशेष 'फ़ास्ट-ट्रैक' (त्वरित) सत्र अदालत की नियुक्ति की है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

### पालघर यौन उत्पीड़न आरोपी को आजीवन कारवास

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे की एक विशेष पॉक्सो अदालत ने पालघर जिले में 2018 में छह साल की बच्ची के यौन उत्पीड़न के मामले में एक व्यक्ति को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और अपराध को 'जघन्य' करार दिया। आरोपी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। घटना पांच अगस्त 2018 को पालघर जिले के वडा तालुका में हुई थी।

*साउथ पार्स में अटैक के बाद ईरान का तगड़ा पलटवार*

# सऊदी में ऑयल रिफाइनरी पर हमला, यूएई-कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन अटैक

एजेंसी ▶▶| तेल अवीव/तेहरान

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग के बीच सऊदी अरब के यनबू पोर्ट पर स्थित सैमरेफ ऑयल रिफाइनरी पर हवाई हमला हुआ है। इसके अलावा यूएई और कतर के तेल-गैस प्लांट पर भी ड्रोन हमले हुए हैं। गौरतलब है कतर के जिस एलएनजी प्लांट पर अटैक हुआ है वहां से भारत की 47 फीसदी गैस आती है। ईरान ने हाल ही में सऊदी अरब, यूएई और कतर के तेल ठिकानों को खाली करने की वॉर्निंग दी थी। 17 मार्च तक अमेरिका और इजरायल ने खाड़ी क्षेत्र में ईरान की ऊर्जा उत्पादन इकाइयों को निशाना बनाने से परहेज किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा ईरान के 90 प्रतिशत तेल निर्यातक खार्ग द्वीप पर हमले में भी केवल सैन्य ठिकानों को लक्षित किया गया। लेकिन बुधवार को इजरायल ने साउथ पार्स गैसफील्ड पर हमला कर दिया, जो ईरान- कतर के बीच साझा है। जवाब में ईरान ने एक साथ सऊदी अरब की अरामको की सांरेफ रिफाइनरी, कतर और यूएई की गैस सुविधाओं पर ड्रोन और मिसाइलें दागीं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

- 'तेल युद्ध' में बदली मिडिल ईस्ट की जंग


अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुई सैन्य टक्कर अब पूरी तरह से जंग में बदल चुकी है। पिछले 24 घंटों में इस जंग का रूप अब 'तेल युद्ध' में बदल चुका है। बुधवार को दोनों पक्षों ने पहली बार फॉसिल फ्यूल प्रोडक्शन से जुड़ी फैसिलिटिज पर हमले किए, जिससे वैश्विक ऊर्जा बाजार में हड़कंप मच गया। ईरान के खिलाफ जंग में अब ऊर्जा युद्ध का हथियार बन चुका है।



### *भारत के लिए है यह बुरी खबर*

*भारत के लिए यह बुरी खबर है क्योंकि दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी खरीदार होने के नाते भारत कतर पर 80-85 प्रतिशत एलपीजी के लिए निर्भर है। फर्टलाइजर प्लान्ट और सिटी गैस नेटवर्क प्रभावित होंगे. ब्रेंट क्रूड 110 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया, गैस कीमतें 6 प्रतिशत चढ़ीं. विश्लेषक सॉल कावोनिक का कहना है कि एलएनजी सुविधाओं की मरम्मत में वर्ष लगेंगे, जैसा 2003 के इराक युद्ध में हुआ।*

### इधर, ट्रंप का यू टर्न, ईरान की गैस फील्ड पर अब यूएस नहीं करेगा हमला



ईरान युद्ध के बढ़ते दायरे से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप अब असहज महसूस करने लगे हैं। इसलिए उन्होंने पहली बार इजरायल के हमलों पर सीमारेखा खींच दी है। साथ ही ईरान को जंग रोकने के लिए अमेरिका की शर्तें मानने की सलाह भी दी है। उन्होंने कहा है कि इजरायल अब ईरान के साउथ पर्स गैस फील्ड पर हमला नहीं करेगा।

### संकट के बीच पीएम मोदी ने की चार देशों के नेताओं से बात



पश्चिम एशिया में बढ़ते संकट के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 24 घंटों के अंदर चार महत्वपूर्ण विश्व नेताओं से फोन पर गहन चर्चा की। बुधवार रात कुवैत के क्राउन प्रिंस शेख सबाह से बातचीत के बाद गुरुवार को ओमान के सुल्तान हाइथम बिन तारिक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों और मलेशिया के प्रधानमंत्री अनवर इब्राहिम से बात हुई। इन सभी वार्ताओं में शांति बहाली, तनाव कम करने और कूटनीति की प्रधानता पर बल दिया गया।

### शेयर बाजार में 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट 12 लाख करोड़ स्वाहा



भारतीय शेयर बाजार के लिए गुरुवार का दिन बहुत ही खराब रहा। 22 महीने की सबसे बड़ी गिरावट दर्ज की गई। वैश्विक बाजारों से मिले खराब संकेतों और बड़ी बिकवाली के चलते बाजार ताश के पत्तों की तरह ढह गया। पिछले तीन सेशन से जारी रिकवरी पूरी तरह धुल गई. सेंसेक्स करीब 2,496 अंक या 3.26%% टूटकर 74,207.24 के निचले स्तर तक चला गया। वहीं, निफ्टी 50 भी 775.65 अंकों की भारी गिरावट दर्ज की और 23,002.15 के लेवल पर बंद हुआ। आज के कारोबारी सेशन में निवेशकों के करीब 12 लाख करोड़ रुपये स्वाहा हो गए। बाजार में इस हाहाकार के पीछे सबसे बड़ी वजह अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच पिछले 20 दिनों से जारी जंग है।

इधर, भारत सरकार का दावा

## 94% तक पहुंची सिलेंडर बुकिंग, पैनिक में आई कमी





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने गुरुवार को जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इसमें पश्चिम एशिया में तनाव के कारण तेल और गैस संकट पर मौजूदा हालात की जानकारी दी। विदेश मंत्रालय (एमईए) में जॉइंट सेक्रेटरी (गल्फ) असीम महाजन ने कहा कि यह सिर्फ भारत ही नहीं, बल्कि पूरे वैश्विक समुदाय के लिए परीक्षा की घड़ी है। पेट्रोलियम मंत्रालय में जॉइंट सेक्रेटरी ▶▶|शेष पेज 7 पर


- सरकार के विभिन्न मंत्रालयों ने की संयुक्त प्रेसवार्ता
- 'भारत के झंडे वाले जहाज और सभी नाविक सुरक्षित'

### शिपिंग मिनिस्ट्री ने पश्चिम एशिया को लेकर दिया अपडेट

पश्चिम एशिया में अभी भी भारत के 22 जहाज फंसे हुए हैं। शिपिंग मिनिस्ट्री के स्पेशल सेक्रेटरी ने राजेश सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि भारतीय झंडे वाले जहाज और नाविक सभी सुरक्षित हैं और गल्फ क्षेत्र के समुद्री इलाके में किसी भी घटना की सूचना नहीं है। सिन्हा ने बताया कि होर्मुज स्ट्रेट के वेस्ट में फारस की खाड़ी में अभी भी भारत के 22 जहाज मौजूद हैं। इन जहाजों पर 611 भारतीय नाविक सवार हैं और सुरक्षित हैं। 24 घंटों में 16 भारतीय नाविक अपनी साइन-ऑफ के बाद वापस भारत आए।

फुकेट से बेंगलुरु आ रही थी फ्लाइट

## बिजली गिरने के बाद अकासा के विमान की चेन्नई में लैंडिंग



**चेन्नई।** खराब मौसम के बीच फुकेट से बेंगलुरु आ रही अकासा एयर की एक उड़ान को सुरक्षित रूप से चेन्नई में उतारा गया। यह कदम बिजली गिरने की घटना के बाद उठाया गया। यह उड़ान बोइंग 737 मैक्स विमान की ओर से संचालित की जा रही थी। विमान को जांच के लिए रोक दिया गया है। एयरलाइन ने गुरुवार को बयान में कहा कि 18 मार्च को उड़ान क्यूपी 624 फुकेट (थाईलैंड) से बेंगलुरु आ रही थी।

### क्रू ने संभाला

अकासा एयर ने कहा कि उसके पायलट और चालक दल (क्रू) ने स्थापित सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुसार स्थिति को संभाला। बयान में कहा गया, विमानन क्षेत्र में बिजली गिरने की घटनाएं आम और आसानी से नियंत्रित की जा सकते वाली हैं। विमानों को इस तरह से डिजाइन और प्रमाणित किया जाता है कि वे इनका सुरक्षित तरीके से सामना कर सकें। हमारी टीमें भी ऐसी स्थितियों को संभालने केलिए अच्छी तरह प्रशिक्षित हैं।

खास सम्मान

## टाटा चेयरमैन चंद्रशेखरन को मिला ब्रिटेन का 'नाइटहुड'



**नयी दिल्ली।** टाटा समूह के चेयरमैन नटराजन चंद्रशेखरन को भारत-ब्रिटेन व्यापार संबंधों को मजबूत करने में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए ब्रिटिश सरकार ने मानद 'नाइटहुड' से सम्मानित किया है। ब्रिटिश उच्चायुक्त के आवास पर बुधवार रात आयोजित कार्यक्रम में उन्हें 'नाइट कमांडर ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एम्पायर (केबीई)' की उपाधि प्रदान की गई।

### उच्चायोग ने की तारीफ

भारत में ब्रिटेन की उच्चायुक्त लिंडी कैमरून ने चंद्रशेखरन को ब्रिटेन का बेहतरीन मित्र और भारत के कॉरपोरेट जगत की एक प्रतिष्ठित हस्ती! बताया। यह सम्मान ब्रिटेन के राजा चार्ल्स तृतीय की ओर से कैमरून ने चंद्रशेखरन को प्रदान किया। उच्चायुक्त ने कार्यक्रम में कहा, ' यह मानद 'नाइटहुड' ब्रिटेन व भारत के बीच विकास के अवसरों को आगे बढ़ाने का प्रमाण है।

*लैंड फॉर जॉब घोटाला*

## '1600 दस्तावेजों की मांग खारिज, लालू को झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट लालू प्रसाद यादव और राबड़ी देवी को बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने लालू प्रसाद और उनकी पत्नी राबड़ी देवी की उन याचिकाओं को खारिज कर दिया है जिनमें उन्होंने लैंड फॉर जॉब घोटाले मामले की सुनवाई में अपना बचाव पक्ष तैयार करने के लिए 1,600 से अधिक अप्रमाणित दस्तावेजों की मांग की थी। अदालत ने कहा कि ये याचिकाएं मुकदमे को शुरू से ही जटिल बनाने के उद्देश्य से दायर की गई थीं।

## 2,929 करोड़ की धोखाधड़ी, अंबानी से घंटों पूछताछ, घर की भी तलाशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

रिलायंस कम्युनिकेशंस (ऑरकॉम) और भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) से जुड़े 2,929 करोड़ रुपये के कथित धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। गुरुवार को सीबीआई ने इस मामले के सिलसिले में अनिल अंबानी से दिल्ली स्थित



अपने मुख्यालय में विस्तार से पूछताछ की। यह मामला पिछले साल अगस्त में दर्ज की गई एक एफआईआर से जुड़ा है।

### *आलीशान सी विंड की भी तलाशी*

*सूत्रों के मुताबिक, जांच एजेंसी केवल पूछताछ तक ही सीमित नहीं है। इससे पहले सीबीआई की टीम ने मुंबई के कफ परेड स्थित अंबानी के आलीशान आवास 'सी विंड' की भी तलाशी ली थी, ताकि मामले से जुड़े अहम दस्तावेज और सबूत जुटाए जा सके।*

### यह कहा अंबानी ने

पूछताछ के बीच अंबानी के प्रवक्ता ने एक आधिकारिक बयान जारी कर सभी आरोपों को सिरे से खारिज किया है। प्रवक्ता के अनुसार एसबीआई की यह शिकायत 10 साल से भी अधिक पुरानी है। जिस समय की यह घटना है, उस दौरान अनिल अंबानी कंपनी के केवल 'गैर-कार्यकारी थे। कंपनी के रोजमर्रा के प्रबंधन या फैसलों में उनकी कोई सीधी भूमिका नहीं थी।




आसाम

हिमंता बिस्व सरमा जालुकबारी सीट से लगातार पांच बार जीत दर्ज कर चुके हैं

# जालुकबारी से हिमंता तो दिसपुर से बोरदोलोई को टिकट, असम भाजपा की पहली सूची में 88 नाम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भाजपा ने असम विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इस सूची में 88 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व सरमा राज्य की जालुकबारी सीट से चुनाव लड़ेंगे। हिमंता बिस्व सरमा जालुकबारी सीट से लगातार पांच बात जीत दर्ज कर चुके हैं। भाजपा की सूची के अनुसार, दिसपुर सीट से प्रद्युत बोरदोलोई को टिकट दिया गया है। बोरदोलोई नागांव लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद थे और मंगलवार को ही उन्होंने कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। बुधवार को बोरदोलोई, भाजपा में शामिल हुए और अब भाजपा की पहली सूची में ही बोरदोलोई का नाम है।

## असम विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने जारी की सूची

### 6 महिलाओं सहित इन्हें भी दिया चांस

भाजपा की इस सूची में छह महिला उम्मीदवारों के नाम हैं। असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा को बिहपुरिया सीट से टिकट दिया गया है। भाजपा की पहली सूची में रंजीत कुमार दास, अशोक सिंघल, अजंता निओग, चंद्र मोही पटवारी, रानोज पेगु, संजय किशन और पीजूष हजारिका और बिमल बोरा का भी नाम शामिल है।



### कांग्रेस 65 सीटों पर उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी

असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पहले ही 65 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान कर चुकी है। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई को जोरहाट सीट से उम्मीदवार बनाया गया है। देबब्रत सैकिया, नाजिरा सीट से चुनाव लड़ेंगे। वहीं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रिपुन बोरा को बरचल्ला सीट से टिकट दिया गया है।

## पश्चिम बंगाल

### भाजपा ने रूपा गांगुली और सुवेंदु के भाई को दिया टिकट

कोलकाताः बीजेपी ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों के लिए कैंडिडेट की दूसरी लिस्ट जारी की है। पार्टी ने इसमें कुल 111 कैंडिडेट घोषित किए हैं। पार्टी ने इस सूची में पूर्व राज्यसभा सांसद और महाभारत में द्रौपदी का रोल करने वाली अभिनेत्री रूपा गांगुली को भी टिकट दिया है। बीजेपी ने नोआपाड़ा से पूर्व सांसद अर्जुन सिंह को उम्मीदवार बनाया है। राज्य विधनसभा में नेता विपक्ष सुवेंदु अधिकारी के छोटे भाई को एगरा से भाजपा ने टिकट दिया है। बीजेपी ने हिंगलगज से रेखा पात्रा उम्मीदवार बनाया है। इतना ही नहीं चोपड़ा से शंकर अधिकारी और टॉलीगंज से पापिया अधिकारी को कैंडिडेट बनाया है। दूसरी सूची में बीजेपी ने 19 महिलाओं को कैंडिडेट बनाया है। दम दम से एडवोकेट अरिजीत बक्शी को टिकट दिया है। जगतदल से पूर्व आईपीएस डॉ. राजेश कुमार को कैंडिडेट बनाया है। बीजेपी ने दूसरी सूची जारी करने के साथ पहले घोषित दो सीटों पर कैंडिडेट के नामों में बदलाव किया है। बीजेपी ने अब अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व विष्णुपुर सीट से विस्वजीत खान और जॉयपुर से बिस्वजीत महतो को उम्मीदवार घोषित किया है।



### पूर्व केंद्रीय मंत्री को भी टिकट

बीजेपी ने मठभंगा से पूर्व केंद्रीय मंत्री निशिथ प्रमाणिक और एंटाली से प्रियंका टिबरेवाल को मैदान में उतारा गया है। प्रियंका टिबरेवाल 2021 में कोलकाता के भबानीपुर उपचुनाव में ममता बनर्जी के खिलाफ उम्मीदवार थीं। बीजेपी ने दार्जीलिंग से नोमन राय को मैदान में उतारा है। खरग्राम से मिताली मल, भरतपुर सीट से अनामिका घोष को उम्मीदवार बनाया है। अभी यहां से टीएमसी से निष्कासित हुमायूं कबीर विधायक हैं। पार्टी ने मुरारई से रिंकी घोष को उतारा है।

## केरल

### एनडीए सहयोगी ट्वेंटी20 को झटका दो अभिनेत्रियों की उम्मीदवारी रद्द

केरल की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठंबधन (एनडीए) की सहयोगी पार्टी 'ट्वेंटी20' को झटका लगा है। दरअसल, पार्टी ने गुरुवार को दो उम्मीदवारों के नामांकन वापस ले लिए, क्योंकि उनके नाम मतदाता सूची में नहीं थे। दोनों अभिनेत्रियां हैं। पार्टी ने एर्नाकुलम जिले के पेरुम्बावूर से लक्ष्मी प्रिया और कोट्टयम जिले के एट्टूमानूर से वीना नायर की उम्मीदवारी वापस ली। दोनों उम्मीदवारों के नाम मतदाता सूची में नहीं थे। ट्वेंटी20 पार्टी ने बयान में कहा कि पेरुम्बावूर में लक्ष्मी प्रिया की जगह जिबी पथियक्कल को उम्मीदवार बनाया जाएगा।

**केरल में कांग्रेस पृष्ठभूमि वाले चार के बीच मुकाबला?**

दिलचस्प बात यह है कि एलडीएफ सहयोगी केरल कांग्रेस (एम) ने बासिल पॉल को उम्मीदवार बनाया है, जिनका भी पृष्ठभूमि कांग्रेस से है। इसका मतलब है कि कई उम्मीदवार कांग्रेस से जुड़े हैं और मुकाबला बढ़ गया है। इसके अलावा, कांग्रेस के मौजूदा विधायक एल्डोज कुन्नप्पिली ने कहा कि अगर उन्हें टिकट नहीं मिला तो वह निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ सकते हैं।

### भाजपा ने उतारे केरल विधानसभा व उपचुनाव के लिए उम्मीदवार



भाजपा ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को केरल विधानसभा चुनाव के लिए दूसरी सूची जारी की। साथ ही, पार्टी ने गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। भाजपा ने गोवा, कर्नाटक, नागालैंड और त्रिपुरा में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी अपने उम्मीदवार उतार दिए हैं। बता दें कि केरल, असम के चुनाव और अन्य 4 राज्यों के उपचुनाव 9 अप्रैल को होने है।

#### केरल से 39 उम्मीदवार उतारे

भाजपा ने गुरुवार को दूसरी सूची में 39 उम्मीदवारों को नाम जारी किए हैं। राज्य में भाजपा की सूची में कई वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार किए जाने से कई कार्यकर्ताओं में काफी रोष है। इससे पहले, भाजपा ने सोमवार को 47 नामों के साथ पहली सूची जारी की थी। उस सूची में पूर्व केंद्रीय मंत्री चंद्रशेखर को महत्वपूर्ण सीट तिरूवनन्तपुरम जिले की नीमोम और मुरलीधरन को काझाकोट्टम से टिकट दिया गया है।

## तमिलनाडु

### थलापति बोले- हमें पद नहीं प्यार चाहिए, फिर एक पार्टी से मिले गठबंधन का ऑफर ठुकराया

चेन्नई। थलपति विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कझगम तमिलनाडु विधानसभा का चुनाव अकेले लड़ेगी। टीवीके की तरफ से अब स्पष्ट रूप से बोल दिया गया है कि चुनाव में किसी भी राजनीतिक दल के साथ गठबंधन नहीं होगा। अभिनेता से नेता बने विजय ने भी ऐसी चर्चाओं को खारिज करते हुए झूठा प्रचार करार दिया है। टीवीके महासचिव आधव अर्जुन ने ऑफर देने वाली पार्टी का नाम नहीं बताया है। आधव अर्जुन का कहना है कि विजय ने प्रस्ताव ठुकरा दिया है। टीवीके नेता का कहना है, उन्होंने हमें हर तरह के प्रस्ताव... जैसे 50 से लेकर 90 सीटों तक के दिए, लेकिन विजय ने बस यही कहा कि उन्हें लोगों का भरोसा चाहिए, पद नहीं।



दांव पर सियासी भविष्य

# ममता को नंदीग्राम के बाद भवानीपुर में चुनौती

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

2026 के बंगाल विधानसभा चुनाव में सबसे चर्चित मुकाबला होगा भवानीपुर में। जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का सामना होगा विपक्ष और बीजेपी शुभेंदु अधिकारी से। यह सिर्फ एक विधानसभा सीट की लड़ाई नहीं यह पूरे बंगाल की सत्ता की लड़ाई है।

2021 में ममता ने अपनी सुरक्षित सीट भवानीपुर छोड़कर शुभेंदु के गढ़ नंदीग्राम में उन्हें चुनौती दी थी और हार गई थीं। हालांकि बाद में भवानीपुर से भारी अंतर से जीतकर मुख्यमंत्री बनीं, लेकिन नंदीग्राम की वह हार आज भी उनके लिए एक चुभन है। इस बार ममता उसी शुभेंदु को अपने घर में हराकर वह हिसाब चुकता करना चाहती हैं।



### दोनों पक्षों का दावा

टीएमसी के वरिष्ठ नेता शोवनदेव चट्टोपाध्याय, जिन्होंने 2011 में ममता के लिए यह सीट छोड़ी थी बोले, ममता भवानीपुर की बेटी हैं। शुभेंदु को हम अच्छी तरह जानते हैं और जब दुश्मन को जानते हो तो आधा काम हो जाता है। भाजपा नेता अग्निमित्र पॉल ने जवाब दिया, ममता का वक्त खत्म हो चुका है। न पानी, न नौकरी, न सुरक्षा। इस बार जनता जवाब देगी।

### बाहरी बनाम हारी हुई - दोनों तरफ से वार

शुभेंदु ममता को नंदीग्राम में हारी हुई उम्मीदवार कहते हैं। टीएमसी का पलटवार है कि शुभेंदु दक्षिण कोलकाता की शहरी जिंदगी से अनजान बाहरी हैं। भवानीपुर के लोगों से बात करने पर मिली-जुली राय सामने आई. मुस्लिम दुकानदार बरकत कहते हैं, दीदी ने आम आदमी के लिए काम किया है, हमारी कम्युनिटी उनके साथ है। वोटर तन्मय का कहना है, ममता का पूरा ध्यान इस इलाके पर है, शुभेंदु बाहरी हैं लेकिन सच बात यह है कि जो भी जीते, विकास चाहिए।

### असली मुद्दा क्या है?

भवानीपुर के लोग अब फ्री की योजनाओं से आगे जाकर रोजगार और इंडस्ट्री की मांग कर रहे हैं. जनता का साफ संदेश है, /"फ्री की चीजें देने की राजनीति/" नहीं, नौकरी की राजनीति चाहिए। ममता के लिए यह जीत नंदीग्राम का दाग धोने का मौका है। शुभेंदु के लिए यह साबित करने का वक्त है कि भाजपा शहरी कोलकाता में भी टीएमसी को चुनौती दे सकती है। भवानीपुर का यह मुकाबला तय करेगा बंगाल का अगला सियासी भविष्य क्या होगा।

उखड़े पेड़, ढही दीवारें, गिरी छत

# पाकिस्तान में भीषण तूफान से तबाही, कराची में 21 की मौत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

पाकिस्तान के कराची में कल आए भीषण आंधी-तूफान और तेज बारिश ने भारी तबाही मचाई। पुलिस और राहत अधिकारियों के अनुसार, इस इसमें कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं। मौसम विभाग ने बताया कि कुछ इलाकों में हवाओं की रफ्तार 97 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच गई। मौसम विभाग ने आगे भी खराब मौसम की चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने लोगों से सतर्क रहने और अनावश्यक बाहर न निकलने की अपील की है। रेस्क्यू 1122 की टीमें लगातार मलबा हटाने और फंसे लोगों को निकालने में जुटी हैं।

### दीवार ढहने से 13 लोगों की मौत

सबसे ज्यादा जानलेवा घटना बाल्डिया टाउन इलाके में हुई, जहां एक दीवार गिरने से 13 लोग मारे गए। ये लोग बारिश से बचने के लिए दीवार के पास खड़े थे, लेकिन तेज हवाओं ने दीवार को ढहा दिया। अन्य घटनाओं में कुरंगी नंबर 3 में एक महिला की मौत छत गिरने से हुई, मेमन गोठ में हजरत नामक व्यक्ति बिजली के झटके से मारा गया, गुलिस्तान-ए-जौहर में चार साल की बच्ची पर दीवार गिरने से मौत हो गई।

## केदारनाथ और बदरीनाथ में बर्फबारी

**देहरादून।** उत्तराखंड के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में बृहस्पतिवार को बर्फबारी हुई जबकि निचले व मैदानी इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होती रही। अधिकारियों ने बताया कि बदरीनाथ व केदारनाथ में बर्फबारी हुई जबकि नंदा देवी, फूलों की घाटी, त्रिशूल और अन्य ऊपरी इलाकों में तड़के से ही भारी बर्फबारी हो रही है। उन्होंने बताया कि कई निचले इलाकों में भी बादल छाए रहे और बूंदाबांदी हुई।

पोखरण में पिनाका ईआर का टेस्ट

# उड़ी दुश्मनों की नींद, 24 रॉकेट दागकर हुआ परीक्षण



एजेंसी ▶▶| पोखरण

रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर भारत की तरफ देश ने एक और बड़ा कदम बढ़ाया है। राजस्थान के पोखरण में सोलर ग्रुप द्वारा निर्मित पिनाका एक्सटेंडेड रेंज (ईआर) रॉकेट्स के प्रोडक्शन बैच का सफल परीक्षण किया गया। पहली बार किसी निजी कंपनी ने 24 गाइडेड पिनाका रॉकेट्स के साथ सटीकता, मारक क्षमता और 50 किमी से अधिक रेंज का सफलतापूर्वक प्रदर्शन किया है। दुनिया में जारी तनाव के माहौल के बीच भारत ने 90 किमी स्ट्राइक पॉवर वाले पिनाका ईआर रॉकेट का परीक्षण कर बड़ा रणनीतिक संदेश दिया है। इस परीक्षण के दौरान कुल 24 रॉकेट दागे गए, जिनमें उनकी सटीकता, स्थिरता और मारक क्षमता को परखा गया।

### क्या है पिनाका सिस्टम?

पिनाकाएक मल्टीपल लॉन्च रॉकेट सिस्टम (एमएलआरएस) है। यह एक लंबी दूरी तक मार करने वाला आर्टिलरी हथियार है, जिसे रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने भारतीय सेना के लिए विकसित किया है। यह सिस्टम तेज प्रतिक्रिया और सटीक हमले के लिए जाना जाता है, जिससे सेना की युद्ध क्षमता काफी बढ़ जाती है। कुछ हद तक यह क्रूज मिसाइल की तरह काम करता है।






**हाईकोर्ट**

## न्यायिक अधिकारी जजों का तबादला

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा की अनुशंसा पर रजिस्ट्रार जनरल रजनीश श्रीवास्तव ने हायर ज्यूडिशियल सर्विस से जुड़े न्यायिक अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। आदेश के तहत प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जांजगीर-चांपा शक्ति सिंह राजपूत का अंबिकापुर सरगुजा, रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट खिलावन राम रिगरी का प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोंडागांव, प्रधान जिला एवं सत्र परिवार न्यायालय जांजगीर संघरत्ना भटपहरी का कबीरधाम कवर्धा, जयदीप गर्ग विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोरबा से जांजगीर-चांपा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सुमित कूर एडीशनल रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट को रजिस्टार न्यायिक स्थापना, द्वितीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश अमित कुमार कोहली जगदलपुर से एडीशनल डायरेक्टर छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी बिलासपुर। सप्तम अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश दिग्विजय सिंह रायपुर से एडीशनल डायरेक्टर न्यायिक अकादमी बिलासपुर भेजे गए हैं। अष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश उमेश कुमार उपाध्याय रायपुर से एडीशनल रजिस्टार न्यायिक हाईकोर्ट, परिवार न्यायाधीश लीलाधर सारथी कवर्धा से विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी कोरबा तबादला किया गया है। इसी तरह सिविल जज जूनियर अंकिता अग्रवाल भाटापारा से महासमुंद, कुमारी दिव्या गोयल सक्ती से जशपुर, शैलेष कुमार वशिष्ठ बलरामपुर से दुर्ग, हरषी अग्रवाल राजनांदगांव से जगदलपुर, कुमारी मीनू नंद धमतरी से दंतेवाड़ा, श्रीमती काम्या घरघोड़ा से बलौदाबाजार, सिद्धार्थ आनंद सोनी कटघोरा से नवागढ़ जांजगीर, तन्मय ब्रहम्म महासमुंद से बिलासपुर भेजा गया है।

### नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने जारी किया निर्देश

# पीएम आवास 2.0: आबादी भूमि पर काबिज पात्र लोगों की पहचान करने के लिए होगा सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर एक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया है। शासन ने प्रदेश के सभी नगर पालिक निगम आयुक्तों और मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया है कि आबादी भूमि पर काबिज पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उनकी प्रविष्टि सीजीएमएवाय-एमआईएस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से किया जाए। यह पूरी प्रक्रिया 'मिशन मोड' पर संचालित की जाएगी। शासन ने इसके लिए 31 मार्च, 2026 की सख्त समय-सीमा तय की है। विभाग का मुख्य उद्देश्य आबादी भूमि पर बसे पात्र परिवारों को योजना का लाभ दिलाने के लिए प्रमाण-पत्र वितरण और आवेदन की प्रक्रिया को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करना है।

खास खबर

## 31 तक लगेंगे आवास मेले

### निकायों के लिए प्रमुख कार्ययोजना

निकायों को जमीनी स्तर पर कार्य करने के लिए पाँच सूत्रीय निर्देश दिए गए हैं। वार्ड स्तर पर सामुदायिक सशक्तिकरण और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से योजना का व्यापक प्रचार किया जाएगा। हितग्राहियों की सहायता और उन्हें योजना की पूर्ण जानकारी देने के लिए निकाय मुख्यालयों में व्यवस्थित हेल्पडेस्क बनाए जाएंगे। निकायों को वार्डवार या दिनांकवार रोस्टर जारी कर डोर-टू-डोर कैम्पेन और वार्डवार शिविर आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।



### पात्रता का परीक्षण और सत्यापन

हितग्राहियों द्वारा आवेदन किए जाने के बाद, एक परीक्षण दल द्वारा उनकी पात्रता की सूक्ष्मता से जांच की जाएगी। पात्रता परीक्षण के बाद एक प्रारंभिक सूची तैयार की जाएगी, जिस पर दावा-आपत्ति आमंत्रित की जाएगी। सभी आपत्तियों के निराकरण के पश्चात ही अंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। अंतिम चयन के बाद, पात्र हितग्राहियों के आवेदन की प्रविष्टि आधिकारिक पोर्टल पर की जाएगी। इन सभी प्रक्रियाओं को सरल बनाने के लिए निकायों को 31 मार्च, 2026 तक आवास मेला आयोजित करने का निर्देश है, जहां एक ही जगह पर आवेदन की संपूर्ण प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी।

### इस तरह चुने जाएंगे हितग्राही

नगरीय निकायों को सबसे पहले अपने क्षेत्र के अंतर्गत आबादी (प्रचलित/सुरक्षित) भूमि पर काबिज परिवारों की पहचान (चिन्हांकन) करने के निर्देश दिए गए हैं। योजना की जानकारी पहुँचाने के लिए वार्डों में सामुदायिक सशक्तिकरण और आईईसी गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। निकाय मुख्यालयों में एक व्यवस्थित हेल्पडेस्क स्थापित किया जाएगा ताकि हितग्राहियों को योजना की पूरी जानकारी मिल सके। निकायों द्वारा डोर-टू-डोर कैम्पेन या वार्डवार शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इन शिविरों के लिए एक वार्डवार या दिनांकवार रोस्टर जारी किया जाएगा, जिसमें सिविल, एमआईएस और सोशल एक्सपर्ट्स ,वास्तुविद और अन्य अधिकारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

# गर्भवती छात्राएं ससुराल में रह रहीं : तेलामी



प्रेसवार्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

गंगालूर के पोटा केबिन आवासीय विद्यालय की तीन छात्राओं के गर्भवती होने की खबर पर सर्व आदिवासी समाज के जांच दल ने अपनी प्रारंभिक जांच में इसे अर्धसत्य बताया है। संभागीय अध्यक्ष प्रकाश ठाकुर के निर्देशन में तथा जिला अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी संयोजक के नेतृत्व में गठित जांच समिति 19 मार्च को गंगालूर पहुंची। जांच दल में कमलेश पैंकरा, कुंवर सिंह मज्जी, अमित कोरसा, सीताराम मांझी, कामेश्वर दुब्बा, श्रवण सैंड्रा, सुखराम कोवासी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। दल ने छात्राओं से मुलाकात की और बाद में गोंडवाना भवन में प्रेस वार्ता में जानकारी दी। जग्गूराम तेलामी ने बताया कि जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि एक छात्रा सितंबर माह से ही विद्यालय से अनुपस्थित थी, जबकि अन्य दो छात्राएं नए शिक्षा सत्र प्रारंभ होने के बाद से ही आवासीय विद्यालय नहीं आई थीं।

### सदस्यों ने की छात्राओं से निवास पर मुलाकात

जांच दल ने तीनों छात्राओं से उनके निवास पर मुलाकात की। जहां यह पाया गया कि तीनों वर्तमान में अपने-अपने ससुराल में रह रही हैं। समिति के अनुसार परीक्षा के दौरान जब ये छात्राएं विद्यालय आई थीं तब परीक्षा के अंतिम दिन गांव के कुछ लोगों द्वारा उनसे पूछताछ की गई थी जिसके बाद यह मामला चर्चा में आया। सर्व आदिवासी समाज ने स्पष्ट किया है कि मामले की विस्तृत जांच अभी जारी है। तथ्यात्मक जानकारी सामने आने के बाद ही अंतिम निष्कर्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

## हाईकोर्ट से अंबेडकर अस्पताल अधीक्षक की याचिका खारिज

**बिलासपुर।** हाईकोर्ट ने डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल रायपुर में सीटी स्कैन मशीन और गामा कैमरा खरीदी और स्थापना से संबंधित कथित भ्रष्टाचार एवं सरकारी, सार्वजनिक कोष के दुरुपयोग के मामले में दोषी कर्मियों के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करने की अनुशंसा के खिलाफ तत्कालीन संयुक्त निदेशक सह अधीक्षक की याचिका को यह कहते हुए खारिज किया कि किसी संभावित आरोपी के पास आपराधिक कार्यवाही शुरू होने से पहले अपनी बात रखे जाने का कोई निहित अधिकार नहीं होता, क्योंकि बीएनएस में एफआईआर दर्ज होने से पहले संभावित आरोपी को सुनवाई का अधिकार प्रदान नहीं किया गया है। याचिकाकर्ता डॉ. विवेक चौधरी डॉ. भीमराव अंबेडकर मेमोरियल अस्पताल में संयुक्त निदेशक सह अस्पताल अधीक्षक के पद में कार्यरत थे।

### लापरवाही पर मंडल संयोजक आश्रम अधीक्षक निलंबित

**कोंटा।** जिला प्रशासन सुकमा ने शासकीय कार्य में लापरवाही एवं कर्तव्य के प्रति उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करते हुए विकासखंड कोंटा के प्रभारी मंडल संयोजक पी. श्रीनिवास राव मूल पद प्रधान पाठक प्राथमिक शाला जग्गावारम को निलंबित कर दिया है। उरसांगल बालक आश्रम के प्रभारी अधीक्षक संतोष कुमार नाग को निलंबित किया गया है। कार्रवाई कलेक्टर अमित कुमार के निर्देश पर सहायक आयुक्त हेमंत सिन्हा ने की है।

## एमकॉम सहित 24 सेमेस्टर के नतीजे घोषित, तीन विषयों में सभी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने गुरुवार को 24 सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम की घोषणा की। इनमें से तीन कक्षाओं के परिणाम शत फीसदी रहे हैं। ये नतीजे दिसंबर-जनवरी 2025-2026 के दौरान आयोजित विभिन्न सेमेस्टर परीक्षाओं के हैं। जिन रविवि ने एमटेक, एमए, एमएससी, एमकॉम, बीएड जैसे महत्वपूर्ण विषय इसमें शामिल हैं। एमटेक ऑप्टो, एमए प्राचीन भारतीय इतिहास और एमए लिंग्विस्टिक जैसे विषय शामिल रहे। एमए समाजशास्त्र ओल्ड कोर्स प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा केवल एक ही



छात्र के लिए आयोजित की गई थी। वह भी परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहा। सबसे अधिक छात्र एमकॉम तृतीय सेमेसस्टर में रहे। 766 छात्रों ने इसकी परीक्षा दिलाई। इनमें से 507 उत्तीर्ण हुए और 257 छात्रों को एटीकेटी श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा एमएससी कैमेस्ट्री के परिणाम 93.25%, एमए इंग्लिश के परिणाम 93.87% और एमए हिंदी के परिणाम 88.85%रहे।

### शिक्षक पात्रता परीक्षा के परिणाम जारी

व्यापम ने छत्तीसगढ़ शिक्षक पात्रता परीक्षा के अंतिम उत्तर एवं परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। राज्य शैक्षिक, अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् के प्रस्ताव पर शिक्षक पात्रता परीक्षा का आयोजन एक फरवरी को दो पालियों में किया गया था। प्रथम पाली में कक्षा एक से पांच तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा हुई। द्वितीय पाली में कक्षा छः से आठ तक अध्यापन पात्रता के लिए परीक्षा आयोजित की गई थी। उपरोक्त पात्रता परीक्षाओं के मॉडल उत्तर व्यापम की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए गए थे। प्राप्त दावा-आपत्तियों का निराकरण विषय विशेषज्ञों द्वारा करवाकर अंतिम उत्तर तैयार किया गया। 19 मार्च को व्यापम की वेबसाइट पर अंतिम उत्तर, परीक्षा परिणाम तथा सभी अभ्यर्थियों की प्राप्तांक की लिस्ट सहित घोषित कर दिया गया है। परीक्षा परिणाम में अभ्यर्थियों को पात्र अथवा अपात्र दर्शाया गया है। अभ्यर्थी स्वयं के प्रोफाइल में लॉगिन कर स्वयं का परीक्षा परिणाम देख सकते हैं।





हमारे उत्तम कलेक्शन को देखने के लिए स्कैन करें। अब www.reliancejewels.com पर भी उपलब्ध

**बिलासपुर:** रामा मैग्नेटो मॉल के सामने, श्रीकान्त वर्मा मार्ग. फोन: 9343686623 / 6267045411 | **कोरबा:** ग्राउंड फ्लोर, द पाम मॉल, टी.पी. नगर, फोन: 9201776319 | **रायपुर:** जय शुक्ला कॉम्प्लेक्स, सिटी पार्किंग के पास में, जय स्तंभ चौक, फोन: 9201776312 / 7828712745

## चिंतन

# आर्थिक और खाद्य संकट की ओर बढ़ रही दुनिया

दुनिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ी है, जहां युद्ध की चिंगारी केवल सीमाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक अर्थव्यवस्था और आम जनजीवन को अपनी चपेट में ले रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव ने इस आशंका को और गहरा कर दिया है कि आने वाले समय में दुनिया आर्थिक और खाद्य संकट की ओर तेजी से बढ़ सकती है। सप्लाई चेन बाधित होने का खतरा मंडरा रहा है। सबसे पहला असर ऊर्जा बाजार पर दिख रहा है। खाड़ी क्षेत्र में अस्थिरता और तनाव के चलते कच्चे तेल की कीमतें 115 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुकी हैं। यूरोप में गैस की कीमतों में 30-35 प्रतिशत तक उछाल दर्ज किया गया है। ऊर्जा महंगी होने का सीधा मतलब है हर चीज महंगी होना। परिवहन, उत्पादन, बिजली और रोजमर्रा की वस्तुओं की लागत बढ़ती है, जिसका बोझ अंततः आम आदमी पर ही पड़ता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति और चुनौतीपूर्ण है। भारतीय रुपया लगातार दबाव में है और आयात महंगा हो रहा है। जब कच्चा तेल महंगा होता है तो पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ते हैं, जिससे महंगाई की पूरी श्रृंखला शुरू हो जाती है। यही कारण है कि जियोपॉलिटिकल तनाव का असर केवल शेयर बाजार तक सीमित नहीं रहता, बल्कि रसोई तक पहुंच जाता है। खाद्य संकट की आशंका भी उतनी ही गंभीर है। खाड़ी देशों में बढ़ते तनाव के कारण फास्फेट, यूरिया और अन्य उर्वरकों की आपूर्ति बाधित हो सकती है। भारत, चीन और ब्राजील जैसे बड़े कृषि उत्पादक देशों पर इसका सीधा असर पड़ेगा। उर्वरकों की कमी से फसल उत्पादन घटेगा, जिससे खाद्यान्न की कीमतें बढ़ेंगी और गरीब वर्ग पर सबसे ज्यादा मार पड़ेगी। युद्ध का एक और बड़ा प्रभाव सप्लाई चेन पर पड़ता है। पहले ही कोविड-19 के दौरान वैश्विक आपूर्ति प्रणाली कमजोर हो चुकी है, और अब नए संघर्ष ने इसे और अस्थिर बना दिया है। समुद्री मार्गों में बाधा, ऊर्जा सुविधाओं पर हमले और व्यापारिक अनिश्चितता ये सभी कारक मिलकर वैश्विक व्यापार को धीमा कर रहे हैं। यदि यह स्थिति लंबी चली, तो दुनिया को खाद्य वस्तुओं की कमी और महंगाई के दोहरे संकट का सामना करना पड़ सकता है। इसका ताजा उदाहरण शेयर बाजार में आई भारी गिरावट है। 19 मार्च को सेंसेक्स में 2497 अंकों की गिरावट और निफ्टी में 776 अंकों की गिरावट ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। एक ही दिन में लगभग 13 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति का नुकसान इस बात का संकेत है कि बाजार में भय का माहौल है। जब निवेशक जोखिम से बचने के लिए शेयर बेचने लगते हैं, तो पूंजी सुरक्षित ठिकानों की ओर भागती है, जिससे आर्थिक गतिविधियां और धीमी पड़ती हैं। हालांकि, इस संकट के बीच कूटनीतिक प्रयास भी जारी हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ओमान के सुल्तान और मलेशिया के प्रधानमंत्री से बातचीत कर तनाव कम करने की कोशिश की है, लेकिन सवाल यह है कि क्या ये प्रयास पर्याप्त होंगे? इतिहास गवाह है कि जब तक वैश्विक शक्तियां एकजुट होकर निर्णायक हस्तक्षेप नहीं करतीं, तब तक ऐसे संघर्ष लंबे खिंचते हैं। यदि समय रहते इस आग को नहीं बुझाया गया, तो इसके दुष्परिणाम भयावह हो सकते हैं। महंगाई, बेरोजगारी, खाद्य संकट और आर्थिक मंदी ये सभी मिलकर वैश्विक अस्थिरता को जन्म देंगे। अंततः सबसे ज्यादा नुकसान उन गरीब और विकासशील देशों को होगा, जो पहले से ही संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं।



सहकारिता
प्रो. कन्हैया त्रिपाठी

भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो निःसंदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

# महिलाओं के सहकारी नेतृत्व से बदलता देश

अधिकार, न्याय व कार्रवाई थीम पर केंद्रित इस वर्ष का अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सुर्खियों में रहा है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र दस दिन तक विश्व की महिलाओं के साथ उत्साहपूर्ण वातावरण में खूब बातें कर रहा है। यूएन महासभा अध्यक्ष ऐनालेना बेयरबॉक का मानना है कि जब लड़कियां शिक्षा प्राप्त करती हैं तो अर्थव्यवस्था तेज़ी से बढ़ती है, जब महिलाएं कार्यबल में शामिल होती हैं तो उत्पादकता बढ़ती है और जब शान्ति वार्ताओं में महिलाएं शामिल होती हैं तो शान्ति समझौते अधिक समय तक टिकाऊ साबित होते हैं। भारत में महिलाओं के शैक्षणिक बदलाव हो रहे हैं लेकिन जो कम पढ़ी-लिखी महिलाएं हैं, उन्होंने भी सहकारिता से जुड़कर भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने का कार्य किया है। सहकार से समृद्धि की मिसाल पेश करतीं हमारे देश की महिलाओं का आत्मबल व आत्मविश्वास दोनों बहुत ही मजबूत है। राष्ट्रीय नई सहकारिता नीति एक विज़न, एक मिशन के साथ आगे बढ़ चुकी है।

भारत सरकार ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के साथ इतने उपक्रम को अपनाया है कि उससे भारतीय सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी महिलाएं कभी पीछे मुड़कर नहीं देखेंगी। छः रणनीतिक मिशन जिसमें नींव का सशक्तिकरण करने का संकल्प है, इसके अंतर्गत सहकारी आंदोलन की नींव को और भी मजबूत करने की कोशिश है। जीवंतता को प्रोत्साहित करने का संकल्प है जिसके अंतर्गत जीवंत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र का सृजन होगा। तीसरा, सहकारी समितियों को भविष्य के लिए तैयार करने की कोशिश, जिसमें सहकारी समितियों को पेशेवर और सतत आर्थिक इकाइयों में रूपांतरित किया जाएगा। चौथा समावेशिता को बढ़ावा देकर पहुंच का विस्तार प्रदान करने के लिए सहकार आधारित समावेशी विकास और सहकारी समितियों को जन आंदोलन के रूप में प्रोत्साहित करने पर बल है। साथ ही नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार हो, इसके लिए ऐसी योजना है कि सहकारी समितियों के नए और उभरते क्षेत्रों में विस्तार को प्रोत्साहित किया जाए। सबसे अहम संकल्प यह है कि सहकारी विकास के लिए युवा पीढ़ी को तैयार करने को प्रोत्साहन मिले, जिसका उद्देश्य है कि युवा पीढ़ी को प्रेरित कर उन्हें अनुभवजन्य सहकारी ज्ञान प्रदान करके भारत निर्माण में उन्हें जोड़ा जाए। यह न केवल ग्रामीण सहकारी परिवेश से उनके जुड़ाव को विकसित करेगा बल्कि गांव की संस्कृति से भागते युवाओं को पुनः गांव से जोड़ने का कार्य करेगा। स्त्री युवा शक्ति इसमें सबसे ज्यादा लाभान्वित होने वाली हैं, यह तो तय है। । इसका उल्लेख अब पूरे विश्व में हो रहा है। एनडीडीबी से जुड़ी स्त्रियों की सफलता की कहानियां अब शोध और अध्ययन का हिस्सा बनने जा रही हैं। भारतीय सहकारिता आन्दोलन को देखकर आज कुछ ऐसा ही स्पष्ट हो रहा है कि भारत सरकार कितनी जागरूकता के साथ सहकारिता क्षेत्र से जुड़ी व्यवस्था, लोग और खासकर स्त्री-शक्ति-सशक्तिकरण पर कार्य कर रही है।

यह इसलिए कहा जा सकता है क्योंकि अगर बहुत संजीदगी से देखा जाए तो विभिन्न विश्लेषण बताते हैं कि सरकार डेयरी, कृषि, हस्तशिल्प और ग्रामीण उद्यमों जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों के गठन और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित कर अन्य मंत्रालयों के साथ मिलकर विभिन्न संस्थानों और



योजनाओं के माध्यम से क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण और वित्तीय सहायता की सुविधा प्रदान करने की कोशिश कर रही है। श्वेत क्रांति 2.0 ने तो मानों देश में एक नई आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ने को तत्पर है। ऐसा सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने और महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने 46,422 मौजूदा डेयरी सहकारी समितियों के सशक्तिकरण के अलावा, 75,000 नई डेयरी सहकारी समितियों की स्थापना को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित किया। डेयरी सहकारी समितियां महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, रोजगार सृजन और ग्रामीण आजीविका बढ़ाने की दिशा में इससे बढ़ चुकी हैं। राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम-एनसीडीसी ने भी महिला केंद्रित योजनाएं शुरू की हैं जिसमें स्वयं शक्ति सहकार योजना, नंदिनी सहकार योजना एवं युवा सहकार योजनाओं ने तो आमूलचूल परिवर्तन करने का बीड़ा उठाया है।

स्वयं शक्ति सहकार योजना से एक तरफ आय सृजन कार्यकलापों, उद्यमिता विकास और महिला एसएचजी की क्षमता निर्माण होगा, वहीं दूसरी तरफ वित्तीय सहायता प्रदान करके महिला सहकारी समितियों को बढ़ावा मिलेगा और स्त्रियां सशक्त होंगी। नंदिनी सहकार योजना से डेयरी, पशु पालन, खाद्य प्रसंस्करण और अन्य संबद्ध क्षेत्रों जैसे कार्यकलापों में लगी महिलाओं के नेतृत्व वाली सहकारी समितियों को वित्तीय सहायता मिलेगी तो इससे सहकारी उद्यमों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ने वाली है। युवा महिला उद्यमियों को एनसीडीसी के माध्यम से वित्तीय सहायता और समर्थन मिलेगा। उभरते और अभिनव क्षेत्रों में सहकारी उद्यमों की स्थापना होने से प्रबंधन में प्रोत्साहित होंगी। चीन की राजधानी बीजिंग में वर्ष 1995 में दुनिया के देशों ने एक साथ आकर एक घोषणापत्र बीजिंग प्लेटफ़ॉर्म को पारित किया था, जिसे महिला अधिकारों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज़ माना जाता है। इस पड़ाव के 30 वर्ष पूरे हो चुके हैं। आर्थिक उन्नति, समावेशिता और उन्नत स्वास्थ्य के साथ पूर्णतया प्रतिभागिता को यह सम्मेलन संबोधित करता है. भारत में सहकारिता क्षेत्र में कार्य कर रही स्त्रियों को देखा जाए तो यह कहा जा सकता है कि यह सहकारिता आन्दोलन बीजिंग घोषणापत्र का भी सम्मान क्षेत्र है. भारत में सशक्तिकरण अब एक नारा नहीं है अपितु सशक्तिकरण की मिसाल है सहकारिता।

भारतीय स्त्रियां जो सहकारिता क्षेत्र अब पढ़-लिखकर व शोध करके आने वाले समय में भारत के लिए कार्य करने वाली हैं, उसकी गाथा आने वाले वर्षों में शोध का विषय होंगी। यह एक ऐतिहासिक बदलाव है जिसे भारत सरकार पूरी प्रतिबद्धता के साथ अमित शाह के नेतृत्व में अर्जित कर रही है क्योंकि उनकी इच्छाशक्ति और कार्य को मूर्तरूप प्रदान करने की निराने शक्ति दोनों स्पष्ट है। भारतीय सामाजिक ताने-बाने के बीच अपनी जिंदगी संवारतीं महिलाओं के सशक्तिकरण की यह सहकारिता यात्रा भारत के बदलाव के रूप में देखा जा रहा है। भारत की महिलाओं के बहुत से ऐतिहासिक उपलब्धियों की कहानियां प्रचलित हैं लेकिन विगत कुछेक वर्षों में सहकारिता से सशक्त स्त्री का इतिहास आने वाले समय में प्रेरणा का विषय बनने जा रहा है। भारत आज नेतृत्व, आर्थिक भागीदारी, सरकारी सहयोग, क्षेत्रीय सक्रियता, सामाजिक प्रभाव के अध्ययन व सशक्तिकरण की निति व नीतिगत बदलाव के लिए कार्य कर रहा है। इसमें अभिरुचि एवं अवसर दोनों बहुत मायने रखते हैं। यदि इनका समन्वय हो सका तो निःसंदेह आने वाला सहकारिता इतिहास स्त्रियों के नेतृत्व से परिपूर्ण दिखेगा और भारत तेजी से बदलता हुआ दिखेगा भी। आवश्यकता इस बात की है कि हम समय की पहचान करके सही दिशा में अपनी ऊर्जा को लगाएं।

(लेखक केंद्रीय विवि पंजाब में चेयर प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

गौरैया दिवस
सुनील कुमार महला




# चिरैया का संरक्षण मानवता के सुरक्षित भविष्य की गारंटी

प्रतिवर्ष 20 मार्च को 'विश्व गौरैया दिवस' मनाया जाता है। इस दिवस को मनाने के पीछे का मुख्य उद्देश्य गौरैया तथा अन्य छोटे पक्षियों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, उनकी निरंतर घटती संख्या के कारणों को समझाना, जैव-विविधता (बायो-डायवर्सिटी) के महत्व को रेखांकित करना तथा लोगों को पेड़-पौधे लगाने, कृत्रिम घोंसले बनाने और पक्षियों के लिए दाना-पानी उपलब्ध कराने जैसे व्यावहारिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। इस दिवस की शुरुआत वर्ष 2010 में भारत की संस्था नेचर फोरएवर सोसायटी द्वारा की गई थी। एक समय था जब घर-आंगन में गौरैया की चहचहाहट हमारे सामान्य जीवन का हिस्सा हुआ करती थी, किंतु बदलती जीवनशैली, पक्के मकानों के बढ़ते चलन और घटते हरित क्षेत्र के कारण आज इनकी संख्या में भारी गिरावट देखी जा रही है और इसका सीधा व प्रत्यक्ष प्रभाव हमारे पर्यावरण और पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) पर पड़ रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज बढ़ती आबादी, तीव्र शहरीकरण, औद्योगीकरण, कंक्रीट के जंगलों का विस्तार, ध्वनि, जल तथा वायु प्रदूषण, मोबाइल टावरों से निकलने वाला विकिरण, वनों की अंधाधुंध कटाई, प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध दोहन, कीटनाशकों और रसायनों का अत्यधिक उपयोग तथा कृषि में तकनीकी बदलाव जैसे अनेक कारण गौरैया के अस्तित्व के लिए गंभीर खतरा बन चुके हैं। वास्तव में, छोटे पक्षी विशेष रूप से ध्वनि प्रदूषण को सहन नहीं कर पाते, वहीं टावरों से निकलने वाली तरंगें उनकी प्रजनन क्षमता पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं। इतना ही नहीं, आधुनिक ईंधनों में प्रयुक्त रसायन जैसे बेंजीन और मिथाइल तृतीयक ब्यूटाइल ईथर उन कीटों को नष्ट कर देते हैं, जिन पर गौरैया के बच्चे निर्भर रहते हैं। उद्यानों में कीटनाशकों और शाकनाशियों के अत्यधिक उपयोग से भी कीटों की संख्या में कमी आई है, जिससे इनके भोजन का संकट उत्पन्न हो गया है। शहरी क्षेत्रों में पारंपरिक घोंसला स्थलों की कमी, कांच से बनी बंद इमारतों का बढ़ता प्रचलन तथा उपयुक्त भोजन की अनुपलब्धता इनके प्रजनन को लगातार प्रभावित कर रही है। बदलती वास्तुशैली और सांस्कृतिक परिवर्तनों ने इनके आवास और खाद्य स्त्रोतों को लगभग समाप्त कर दिया है। बहरहाल, यदि हम यहां पर आंकड़ों की बात करें तो विभिन्न रिपोर्टों के अनुसार भारत में घरेलू गौरैया की संख्या में लगभग 60 प्रतिशत तक गिरावट दर्ज की गई है। पक्षियों के संरक्षण के लिए रॉयल सोसाइटी (रॉयल सोसाइटी फोर दि प्रोटेक्शन ऑफ बर्ड्स) ने इसे अपनी रेड-लिस्ट में शामिल किया है। गौरतलब है कि विश्व में गौरैया की लगभग 26 प्रजातियां पाई जाती हैं, जिनमें से 5 भारत में मिलती हैं। यह बिहार का राज्य पक्षी है तथा वर्ष 2012 में इसे दिल्ली का राज्य पक्षी घोषित किया गया। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) के अनुसार आंध्र प्रदेश में इसकी संख्या में 80 प्रतिशत तक कमी आई है, जबकि केरल, गुजरात और राजस्थान में लगभग 20 प्रतिशत गिरावट दर्ज की गई है। 'स्टेट ऑफ इंडियाज बर्ड्स' रिपोर्ट के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में इसकी संख्या अपेक्षाकृत स्थिर बनी हुई है, जबकि महानगरों में 70 से 80 प्रतिशत तक गिरावट देखी गई है। गौरैया पासेरीडे परिवार की एक सामाजिक और सर्वाहारी पक्षी है, जो झुंड में रहना पसंद करती है। यह मुख्यतः बीज, कीड़े, जामुन और फल खाती है। इसकी सामान्य उड़ान गति लगभग 24 मील प्रति घंटा होती है, जो खतरे की स्थिति में 31 मील प्रति घंटा (लगभग 45 किलोमीटर प्रति घंटा) तक पहुंच सकती है। इसकी औसत आयु 4 से 5 वर्ष होती है। यह दीवारों, पेड़ों के कोटरों, झाड़ियों, पुराने घरों, रोशनदानों और खिड़कियों में घोंसला बनाती है। नर गौरैया अपने घोंसले की रक्षा आक्रामक रूप से करता है और यह पक्षी सामान्यतः जीवनभर एक ही साथी के साथ रहने की प्रवृत्ति रखता है, जो इसकी वफादारी को दर्शाता है। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में गौरैया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह अल्फा और कटवर्म जैसे हानिकारक कीटों को खाकर फसलों की रक्षा करती है, इसलिए इसे किसानों का मित्र कहा जाता है। अंततः, गौरैया संरक्षण के लिए किसी बड़े निवेश की आवश्यकता नहीं है, बल्कि छोटे-छोटे प्रयास ही पर्याप्त सिद्ध हो सकते हैं-जैसे घरों में दाना-पानी रखना, मिट्टी के बर्तनों (परिंडे) का उपयोग करना, पौधे लगाना, कृत्रिम घोंसले बनाना तथा पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का अभिन्न अंग बनाना। निष्कर्षतः, गौरैया केवल एक साधारण पक्षी नहीं, बल्कि पर्यावरण संतुलन की आधारशिला है; इसका संरक्षण मानवता के सुरक्षित और संतुलित भविष्य की गारंटी है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख



संकलित
दर्शन

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा



संकलित
प्रेरणा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### वनों को काटने से रोका जाए

21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। दुनिया भर में इस उपलक्ष्य में प्रोग्राम आयोजित किए गए। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वनों की सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से 28 नवंबर 2012 को हर वर्ष 21 मार्च को अंतरराष्ट्रीय वन दिवस के रूप में मनाने के लिए एक प्रस्ताव पारित किया था। वन हैं तो हम हैं। जो वृक्ष हमें फल नहीं देते हैं, वो भी बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये हमें जीवित रहने के लिए ऑक्सीजन, बिना किसी मूल्य के देते हैं। लेकिन बहुत अफसोस है कि वनों की संभाल के लिए लापरवाही बरती जा रही है।भारत में बहुत पहले से ही वनों और वृक्षों को काटने से रोकने के प्रयास सरकारों, सामाजिक संस्थाओं और पर्यावरण प्रेमियों द्वारा आरंभ कर दिए गए थे। फिर भी परियोजनाओं के लिए बड़े पैमाने पर जंगल काटे जा रहे हैं। हमें इसे रोकना होगा। - *महेश कुमार यदु, रायपुर*

## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर बने देश



भारत की रक्षा तैयारियों और सामरिक स्वायत्तता के लिए यह आवश्यक है कि देश ड्रोन निर्माण में पूरी तरह आत्मनिर्भर बने और आने वाले वर्षों में ड्रोन निर्माण का ग्लोबल हब बने।

**- राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**

### 207 नई बसें रवाना



राजस्थान दिवस पर प्रदेशवासियों के लिए यातायात सुविधाओं को और अधिक सुदृढ़, सुरक्षित और आधुनिक बनाने हेतु 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये बसें न केवल शहरों और गांवों के बीच की दूरी को कम करेंगी, बल्कि प्रदेश के विकास को भी नई दिशा प्रदान करेंगी।

**- भजनलाल, सीएम, राजस्थान**

### गहरी संवेदना



मध्य प्रदेश के इंदौर में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग से बिहार के 6 लोगों की मृत्यु दु:खद। शोक संतप्त परिजनों के प्रति गहरी संवेदना है। मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री राहत कोष से 2-2 लाख रुपये अनुग्रह अनुदान दिया जाएगा।

**- नीतीश कुमार, सीएम, बिहार**

### चुनाव आयोग बना हथियार



बीजेपी ने बेईमानी से चुनाव जीतने के लिए चुनाव आयोग को अपना हथियार बना लिया है। जो आज पश्चिम बंगाल में हो रहा है, यही दिल्ली के चुनाव में भी हुआ था। लोकतंत्र की धज्जियाँ उड़ायी गईं। आज ममता भी लोकतंत्र को बचाने के लिए लड़ रही हैं। इस संघर्ष में हम उनके साथ हैं।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

## करंट अफेयर

### तुलसी गबार्ड ने खोल दी ट्रंप के दावे की पोल?



अमेरिका की इंटेलिजेंस चीफ तुलसी गबार्ड के एक बयान ने वॉशिंगटन की सियासत में हलचल मचा दी है। उनके इस खुलासे के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस दावे पर सवाल उठने लगे हैं, जिसमें ईरान के न्यूक्लियर खतरे को जंग की बड़ी वजह बताया गया था। गाबार्ड ने सीनेट इंटेलिजेंस कमेटी के सामने अपने लिखित बयान में कहा कि 2025 में अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने अपने परमाणु संवर्धन (न्यूक्लियर एनरिचमेंट) कार्यक्रम को दोबारा शुरू करने की कोई कोशिश नहीं की है। तुलसी गबार्ड ने बताया कि ऑपरेशन मिडनाइट हैमर के बाद ईरान का न्यूक्लियर प्रोग्राम पूरी तरह तबाह हो गया था और तब से उसे फिर से खड़ा करने की कोई गतिविधि सामने नहीं आई। यह बयान सीधे तौर पर ट्रंप प्रशासन के उस तर्क को कमजोर करता है, जिसमें बार-बार कहा गया कि ईरान का न्यूक्लियर कार्यक्रम अमेरिका के लिए बड़ा खतरा बना हुआ है। ट्रंप और उनके अधिकारी लगातार यह कहते रहे हैं कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षा को रोकने के लिए सैन्य कार्रवाई जरूरी थी लेकिन गबार्ड के बयान के बाद बड़ा सवाल खड़ा हो गया है कि अगर ईरान ने अपना प्रोग्राम दोबारा शुरू ही नहीं किया, तो फिर जंग की जरूरत क्यों पड़ी?

## ऑफ बीट

### सप्ताह में 150 मिनट की शारीरिक गतिविधि जरूरी



व्यायाम आपके संपूर्ण स्वास्थ्य और विशेष रूप से आपके हृदय के लिए अच्छा है। विशेषज्ञों की राय है कि हमें सप्ताह में 150 मिनट की मध्यम-से-जोरदार शारीरिक गतिविधि करनी चाहिए। शोधकर्ताओं ने पाया कि एक्सेलेरोमीटर मूल्यांकन के बाद छह वर्षों में, जो लोग नियमित रूप से मध्यम से जोरदार गतिविधि करते थे, उनमें गतिहीन लोगों की तुलना में स्ट्रोक, दिल का दौरा, दिल की विफलता और एट्रियल फाइब्रिलेशन कम था। इस अध्ययन का अनोखा निष्कर्ष यह था कि जिन लोगों ने अपनी आधी से अधिक गतिविधि सप्ताहांत में की, उनकी तुलना में उन लोगों के परिणामों में कोई अंतर नहीं था, जिन्होंने इसे पूरे सप्ताह में फैलाकर किया। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि यह कब किया गया था, मध्यम-जोरदार शारीरिक गतिविधि बेहतर हृदय स्वास्थ्य से जुड़ी थी। अध्ययन में, लेखकों ने उन लोगों को 'सप्ताहांत योद्धा' कहा, जिन्होंने सप्ताह में 150 मिनट से अधिक की मध्यम-से-जोरदार गतिविधि की। यह लाइक्रा पहने पहाड़ी रास्तों पर साइकिल की सवारी करते हुए या मध्यम आयु वर्ग के पुरुषों को 90 मिनट की कठिन फुटबॉल खेलने जैसा है।

## अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



# फोर्स के तीसरे सीक्वल के लिए वजन बढ़ा रहे हैं हर्षवर्धन

**मुंबई।** हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'फोर्स' के तीसके सीक्वल को लेकर लगातार चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म के लिए हर्षवर्धन को कड़ी मेहनत करनी पड़ रही है, जिसको लेकर अभिनेता ने सोशल मीडिया पोस्टर के जरिए अपने निर्धारित वजन बढ़ाने के टारगेट के बारे में खुलाया किया है। हर्षवर्धन ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर जिम से अपनी कई तस्वीरें शेयर कीं और साथ ही बताया कि अगले महीने फिल्म में आने वाले एक बड़े एक्शन सीन के लिए उन्हें अपना वजन बढ़ाना पड़ रहा है। हर्षवर्धन ने लिखा कि पहले फिल्म 'सनम तेरी कसम' और 'एक दीवाने की दीवानियत' के समय उनका वजन 81 किलो था। लेकिन इस फिल्म के लिए उन्हें 92 किलो तक पहुंचना है।

लाइफ Style



# ममता

## संन्यासी जीवन भूल दोस्तों के साथ पहुंचीं गोवा

ममता कुलकर्णी अब एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में वह गोवा में दोस्तों के साथ नजर आईं, जहां उनका ग्लैमरस लुक कैमरे में कैद हुआ। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीरों में ममता स्टाइलिश और कॉन्फिडेंट अवतार में दिखीं।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ममता इस नए रूप ने फैंस को चौंका दिया है, क्योंकि वह लंबे समय से लाइमलाइट से दूर थीं। अब उनका यह अंदाज चर्चा का विषय बना हुआ है। साल 2025 के महाकुंभ में गेरुआ चोला पहन संन्यासी जीवन अपनाने को लेकर चर्चा में रहीं ममता कुलकर्णी एक बार फिर अपने बदले अंदाज को लेकर सुर्खियों में हैं। महाकुंभ में वह किन्नर अखाड़े के साथ जुड़ीं और महामंडलेश्वर पद पर आसीन हुईं और श्री यमाई ममता नंद गिरि हो गईं। इस पर काफी विवाद भी हुआ। इसी साल 27 जनवरी को ममता कुलकर्णी ने किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर पद से इस्तीफा भी दे दिया। उन्होंने कहा था कि मैंने 25 साल का आध्यात्मिक जीवन जीया। अभ्यास जैसे पहले जारी था, आगे भी रहेगा। लेकिन, अब उनके रंद-ढंग बदले-बदले नजर आ रहे हैं। हाल ही में वह दोस्तों के साथ गोवा पहुंची, जहां उनका ग्लैमरस अवतार नजर आया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें उनका बदला-बदला अवतार नजर आ रहा है। सहेलियों के साथ वह गोवा ट्रिप पर हैं, जिसकी झलकियां देख सोशल मीडिया यूजर्स हैरान हैं। मोबाइल पर वीडियो बनते देख ममता कुलकर्णी ने अपनी अदाएं दीखिए।

# नेशनल ज्योग्राफिक 33 की लिस्ट में आलिया-प्रियंका का नाम


**मुंबई।** नेट जियो 33 की लिस्ट में दो भारतीय अभिनेत्रियों को जगह मिली। आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में आया है। दोनों को समाज में अलग-अलग कारणों से जागरूकता फैलाने के लिए सम्मानित किया गया है। साल 2026 की नेशनल ज्योग्राफिक 33 सूची जारी हो चुकी है। इस सूची में दुनिया भर के समाज सेवियों के नाम शामिल हैं। लिस्ट में भारत से दो अभिनेत्रियों आलिया भट्ट और प्रियंका चोपड़ा का नाम भी शामिल किया गया है। आलिया भट्ट को जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए सूची में शामिल किया गया। साथ ही उन्होंने अलग-अलग तरीकों से पर्यावरण के लिए सक्रियता दिखाई। बच्चों के लिए लिखी हुई किताब 'एड फाइंड्स अ होम' के जरिए आलिया ने लोगों को पशु गोद लेने की सलाह दी। वहीं, दूसरी तरफ एक्ट्रेस ने अपने फैशन रीसेल 'मी वार्डरोब इज सु वार्डरोब' के जरिए अपने और कई कलाकारों के कपड़ों को डोनेट किए। अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए भी आलिया इन सब कामों का प्रचार करती हैं और दूसरों के लिए प्रेरणा बनती हैं।



वहीं अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा का नाम इस लिस्ट में इसलिए आया क्योंकि एक्ट्रेस ने इस साल स्वास्थ्य सेवाओं को आसान बनाने में योगदान दिया है। एक्ट्रेस ने मधुमेह के प्रति जागरूकता फैलाने की दिशा में काम किया। प्रियंका के पति निक जोनस भी 13 साल की उम्र से टाइप-1 मधुमेह से पीड़ित हैं। पांच साल से दोनों मिलकर भारत में 'बियॉन्ड टाइप 1' संस्था के जरिए लोगों तक मधुमेह के बारे सही जानकारी पहुंचा रहे हैं। इस सूची में हैरिसन फोर्ड, रसेल वेस्टब्रुक, शैलेन वुडली, इवान मैकग्रेगर और इड्रिस एल्बा जैसे सेलेब्स के नाम भी शामिल हैं।

# नागजिला का नया पोस्टर रिलीज

**नई दिल्ली।** कार्तिक आर्यन अपनी अपकमिंग फिल्म 'नागजिला' को लेकर सुर्खियों में है। फिल्म के पोस्ट प्रोडक्शन का काम चल रहा है। यह फिल्म इसी साल रिलीज होने वाली है। मेकर्स ने एक पोस्ट के जरिए जानकारी दी है कि यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज होने के बाद प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। प्राइम वीडियो ने इंस्टाग्राम पर 'नागजिला' का एक पोस्टर शेयर किया है। इसके साथ पोस्ट में लिखा है 'नागजिला- एक ऐसी दुनिया, जहां रूप बदलने वाले 'इच्छाधारी नाग' इंसानों के बीच रहते आए हैं। इसमें तब अफरा-तफरी मच जाती है, जब एक बेफिक्र रहने वाले इच्छाधारी नाग की 'नागमणि' और उसकी जान, एक सत्ता के भूखे खलनायक के कारण खतरे में पड़ जाती है।' आपको बता दें कि 'नागजिला' की शूटिंग 16 मार्च को पूरी हो चुकी है। अब इसके पोस्ट प्रोडक्शन का काम हो रहा है। यह फिल्म 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




# राकेश धुरंधर-2 में निकले हुकुम का इक्का

**मुंबई।** फिल्म 'धुरंधर 2' में लीड रोल में रणवीर सिंह हैं। लेकिन क्लाइमैक्स सीन में कुछ ऐसा होता है कि दर्शक राकेश बेदी पर फिदा हो जाते हैं। अब उन्हें ही असली धुरंधर माना जा रहा है।



फिल्म 'धुरंधर 2' में रणवीर सिंह, अर्जुन रामपाल, आर माधवन और संजय दत्त जैसे नामी कलाकारों के बीच टीवी और फिल्मों के दिग्गज कलाकार राकेश बेदी भी नजर आए। अपने उम्दा अभिनय से वह दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ने में कामयाब रहे। साथ ही फिल्म 'धुरंधर 2' के असली हुकुम का इक्का भी वही निकले हैं, यही वजह है कि अब फैंस उन्हें ही असली धुरंधर कह रहे हैं। फिल्म 'धुरंधर में राकेश बेदी ने एक पाकिस्तानी राजनेता का जमील जमाली का किरदार निभाया था। जमील की बेटी अलीना से ही हमजा का किरदार शादी करता है। इस आड़ में वह अपना जासूसी मिशन पूरा करता रहता है। जमील का किरदार करप्ट पॉलिटिशियन का था, उसके तार अपराधियों के साथ जाकर जुड़ते थे।

## टीवी मसाला



# दीपिका के बेटे रूहान ने सलमान के घर के बाहर गाया ओ ओ जाने जाना

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम ने पिछले दिनों अपने यूट्यूब व्लॉग में बेटे रूहान के साथ एक प्यारा सा पल शेयर किया। वीडियो में परिवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट्स के पास से गुजरते हुए देखा गया, तभी उनके छोटे बच्चे ने अपने गायन कौशल से सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। शोएब इब्राहिम ने एक वीडियो शेयर किया। इसमें दीपिका, शोएब अपने बेटे रूहान के साथ सलमान खान के प्रसिद्ध घर गैलेक्सी अपार्टमेंट के के पास से गुजरते नजर आ रहे हैं। इसी दौरान ड्राइव के बीच दीपिका रूहान से पूछती हैं कि उसका सलमान खान का फेवरेट गाना क्या है। जैसे ही दीपिका ने बेटे से पूछा, रूहान अपनी मासूम आवाज में गाने लगता है 'ओ ओ जाने जाना'। रूहान ने केवल गाया नहीं बल्कि उसने सलमान का डायलॉग भी दोहराया जिसमें वो कहता है 'न कोई मंजिल है, न कोई सफर...'। दीपिका और शोएब भी अपने बेटे के इस टैलेंट को देखकर हैरान और बेहद खुश दिख रहे हैं। वहीं काफी लोगों ने भी नन्हें से बच्चे की सलमान को लेकर दीवानगी पर हैरानी जताई है। रूहान बताता है कि उसे सलमान खान पसंद हैं। ये गाना सलमान खान की साल 1998 में आई फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' का है जिसमें वो काजोल के साथ नजर आए थे। फिल्म में सलमान खान के साथ धर्मेंद्र भी अहम भूमिका में थे। वहीं अरबाज खान सलमान के भाई के रोल में थे। फिल्म का ये फेमस गाना कमाल खान ने गाया था जो आज भी दर्शकों के दिलों में बसा है।

epaper : www.haribhoomi.com

हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी —सुविधा हमारी—
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

## Appointment आवश्यकता

### टेलीकॉलर

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

### महिला कुक

आवश्यकता है- न्यू राजेंद्रनगर रायपुर में घर में शाकाहारी खाना बनाने के लिए कुशल महिला की आवश्यकता है। काम का समय सुबह 8 से 1 शाम 4 से 7, वेतन 8000/- सम्पर्क करें- 8120289207 एवं 7893045289. (RO-6607)

### ड्राइवर

आवश्यकता है- हॉस्टल में आवश्यकता हैं। ड्राइवर + गार्ड, नशा मुक्त एकल व्यक्ति, रहने खाने की सुविधा, driving license जरूरी, अनुभवी एवं शाकाहारी को प्राथमिकता। जैन गर्ल्स हॉस्टल लक्ष्मी नगर, पचपेड़ी नाका रायपुर. 9425206595.(RO-7393)

आवश्यकता है- बुलेरो, टाटा एस ड्राइवर की आवश्यकता है। कविता पॉलीमर्स, यूनिट-2, उरकुरा रेल्वे स्टेशन रोड, भनपुरी, रायपुर मो नं. 7828656506. (RO-0366)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

आवश्यकता है- रायपुर में निजी / घरेलू कार चलाने हेतु कम से कम 10 वर्ष अनुभवी ड्राइवरों और शुद्ध शाकाहारी भोजन बनाने हेतु कुक की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट/शराब-गुटखा निषेध। 9300593000. (RO-7248)

आवश्यकता है- ऑटोमेटिक कार चलाने हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। 35 साल से अधिक उम्र का होना अनिवार्य है। ड्यूटी टाईम प्रतिदिन सुबह 9 से रात 8:30 बजे तक, रविवार ड्यूटी टाईम सुबह 9 से शाम 6:00 बजे तक (सूचना :- जेसीबी, हाइड्रा, आदि जैसी गाड़ी चलाने वाले संपर्क ना करें) सैलरी 25,000/-प्रतिमाह। रहने, खाने-पीने, बाइक, पेट्रोल की व्यवस्था नहीं दी जाएगी। जो तत्काल जॉइन कर सके वही संपर्क करें, बेवजह कॉल ना करें। पता - सिविल लाईन्स, रायपुर, कॉल करने का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क :- 9644720222. (आरो-26)

### गोडउन कार्य/ ड्राइवर

आवश्यकता है- डाबर की एजेंसी के गोडाउन मे कार्य करने हेतु लडको की एवं टाटा एस के लिए ड्राइवर एवं हेल्पर की आवश्यकता है। सम्पर्क करें किसन मार्केटिंग, महेश कालोनी, श्रीनगर रोड गुढियारी, रायपुर मो 9827168307. (RO-520)

### शिक्षक

आवश्यकता है- महारानी लक्ष्मीबाई विद्यापीठ उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तीन दर्शन मंदिर कैंप वन भिलाई को प्राइमरी मिडिल हाई स्कूल में इंग्लिश मीडियम को पढ़ने वाले शिक्षकों की आवश्यकता है संपर्क करें (आरो नं.-238)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- कर्मचारी चाहिए दुर्ग गंजपारा पुलगांव नाला के पास नवनिर्मित साईं मंदिर में कार्य करने हेतु महिला रसोइया, ड्राइवर, चौकीदार, , सफाई कर्मचारी चाहिए। नशा करने वाले संपर्क नहीं करें। साईं सरोवर 6267041319.( RO-237)

### सेल्सकर्मी

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स और साड़ी शॉप (पंडरी) में काम करने के लिए स्टाफ लड़का/ लड़की की आवश्यकता है एवं सेल्समैन की आवश्यकता है। सम्पर्क करें-7076048454. (आरो-6604)

आवश्यकता है- पेट्रोल पंप में कार्य करने हेतु युवक/युवतियों की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता इच्छुक व्यक्ति अपने बायोडाटा सहित सम्पर्क करें। डागा पेट्रोल पंप, फाफाडीह चौक, स्टेशन रोड, रायपुर। मो.- 8109135400.(RO-733)

### आवश्यकता

आवश्यकता है- होलसेल खिलौना दुकान बंजारी चौक गोल बाजार के पास कार्य हेतु मेहनती लड़कों एवं लड़कियो की आवश्यकता है संपर्क रायपुर 8349712577 9827918086. (RO-835)

### सिविल इंजीनियर

आवश्यकता है- श्री वासु लॉजिस्टिक्स लिमिटेड तेंदुआ, रायपुर में सिविल इंजीनियर ट्रेनी की आवश्यकता। लॉजिस्टिक पार्क प्रोजेक्ट हेतु रोड, ड्रेनेज, इंफ्रास्ट्रक्चर व PEB निर्माण कार्य। AutoCAD व ड्रॉइंग/लेआउट समझ आवश्यक, 2 वर्ष अनुभव को प्राथमिकता। PF, ESIC, कैंटीन सुविधा। वॉक-इन इंटरव्यू सुबह 10–12 बजे। Email:ayush@shreevasulogistics.in (RO-833)

### मैनेजर/कंप्यूटरआपरेटर

आवश्यकता है- हॉस्पिटल के विभिन्न कार्यों को देखने के लिए एक मैनेजर की एवं एक कंप्यूटर ऑपरेटर की आवश्यकता है रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर फोन 0771-2425009. (RO-834)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### दुकान कार्य

आवश्यकता है- कपड़ा दुकान में काम करने के लिए मेहनती एवं व्यवहारिक लड़कों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन, संपर्क करें – पूजा साड़ी हाउस, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट, पंडरी, रायपुर। (आरो-512)

### सेनेटरी शोरूम कार्य

आवश्यकता है- टाइल्स एवं सेनेटरी के शोरूम में कार्य करने हेतु युवको की आवश्यकता है। संपर्क - मनन इंटरप्राइजेज, विधानसभा रोड, मोवा, थाने के सामने, रायपुर मोबाइल : 9827109679. (RO- 524)

### हेल्पर

आवश्यकता है- पंडरी में मेंस वियर होलसेल शॉप काम करने के लिए हेल्पर की आवश्यकता। कृपया अनुभवी ही संपर्क करे। शादीशुदा को प्राथमिकता। समय -full day Salary -upto 15k मो- 9981105000. (RO-183)

आवश्यकता है- बिस्कुट पैकिंग कार्य एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़कों की आवश्यकता है। रूम बिजली की सुविधा फ्री। पता- बंजारी मन्दिर के पास रावाभाटा रायपुर 7828735534.(RO-40259

### इलेक्ट्रीशियन/मेकेनिक

आवश्यकता है- परमानेंट जॉब सभी इंजीनियर, वेल्डर कटर, फिटर, गार्ड, कम्प्यूटर ऑपरेटर, आफिस कार्य-10, ड्राइवर, चपरासी-20, स्टोर कीपर, हेल्फर, सुपरवाईजर, 5वीं- ग्रेजुएट वेतन 11000-30000 रहना फ्री, सम्पर्क- व्यापार विहार बिलासपुर 6232429364.(आरो-40095)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

### कंप्यूटर आपरेटर

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर- बिलासपुर में 2पद, राजनांदगांव में 2पद (पुरुष), इलेक्ट्रिकल (बाहरी) फील्ड सुपरवाइजर राजनांदगांव में 2पद (पुरुष) सिविल इंजीनियर बिलासपुर में 1पद (पुरुष), बायोडाटा 9303023570 पर भेजें (RO-40285)

### होटलकर्मी

आवश्यकता है- होटल के लिए हलवाई, मिस्त्री की तत्काल आवश्यकता है पेमेंट 18000 से 30000 सम्पर्क करें- राजपाल स्वीट्स यदुनंदन नगर तिफरा बिलासपुर 9300521234.(RO-40270

### अन्य

आवश्यकता है- Merchant Ny को कंपनी द्वारा 750 लड़के लड़कियों की योग्यता 10वीं पास से स्नातक तक सैलरी (35500-85500) रहना खाना बीमा फ्री इच्छुक व्यक्ति अपने Documents WhatsApp करें अधिक जानकारी हेतु कॉल करें- 7521088984. (RO-1350)

आवश्यकता है- लड़कों एवं लड़कियों की अनपढ़ से ग्रेजुएट्स एयरपोर्ट जॉब हेल्पर, सुपरवाइजर, चेकर लोडर, ग्राउंड स्टाफ, सैलरी रु 28500/- रु 48500/- रहना/ खाने की सुविधा) 7838025061. (RO-1353)

## Property प्रापर्टी

### प्लाट

प्लॉट बेचना है - रायपुरा वृंदावन कॉलोनी के पास आवासीय 800 वर्गफीट एवं 1000 वर्गफीट पूर्व पश्चिम दिशा का प्लाट बेचना हैं। सम्पर्क करें- पारस कंसट्रक्शन, मो. 9827192035, 9204936794.(आरो-057)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

## Finance फायनेंस

फाइनेंस -प्रगति फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस, पर्सनल, कृषि महिला समूह, मकान, दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधार कार्ड, पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्क:- 7489545029.(RO-1354)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




Healthcare

गुप्त रोगी स्वयं मिले



शादी से घबराहट गुप्त रोग
- शीघ्र पतन से शारीरिक कमजोरी
- शारीरिक एवं मानसिक नपुंसकता
- लिंग में ढ़ीलापन, छोटापन, पतलापन
- लिंग में टेढ़ापन
- वीर्य में शुक्राणु की कमी
- बढ़ती उम्र में सेक्स की कमी
- पेशाब में धातु जाना
- शुगर से सेक्स में आई हुई कमजोरी

संपर्क जे.जे. अहमद दवाखाना
सरकारी आई.टी.आई. पॉवर हाऊस अंबेडकर चौक, सी मार्ट के सामने बस स्टैण्ड, भिलाई
प्रतिदिन - सोम से शनि
समय - 9 बजे से 5 बजे तक
रविवार - 9 बजे से 2 बजे तक
9098889899

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
8515825081
9083218330

# योग शिक्षा की आड़ में नकली नोटों की छपाई, दो करोड़ सहित 6 गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद



गुजरात में एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने सूरत के एक बड़े नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने दो करोड़ रुपये से अधिक के जाली नोट बरामद किए हैं। इस मामले में एक महिला समेत छह लोगों को गिरफ्तार किया गया है। सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यह पूरा काला धंधा एक आध्यात्मिक योग आश्रम से चलाया जा रहा था। धर्म के नाम पर देश की अर्थव्यवस्था को खोखला करने की यह साजिश वाकई डराने वाली है। पुलिस उपायुक्त अजीत राजियन ने कहा कि मुकेश थुम्मर, अशोक मावाणी, रमेश भालर, दिव्येश राणा, प्रदीप जोटांगिया, भरत काकड़िया और एक महिला कथित तौर पर एक एसयूवी में यह जाली नोट लेकर आए थे। प्रदीप जोटांगिया सूरत के 'श्री सत्यम योग फाउंडेशन' में 'आध्यात्मिक और योग शिक्षक' है।

### दो करोड़ के जाली नोट और पुलिस का शिकंजा

अहमदाबाद क्राइम ब्रांच को एक पुख्ता गुप्त सूचना मिली थी। उन्हें पता चला कि सूरत से नकली नोटों की बड़ी खेप अहमदाबाद आ रही है। पुलिस ने अमराईवाड़ी इलाके में जाल बिछाया। यहां संदिग्ध गतिविधियों को देखकर टीम ने तुरंत कार्रवाई की। मौके से छह आरोपियों को दबोच लिया गया। इनके पास से 500 रुपये के 42 हजार से ज्यादा नकली नोट मिले हैं। इन नोटों की कुल कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस को नोटों के सीरियल नंबर दर्ज करने में ही कई घंटे लग गए।

# बाल मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट बड़ी कामयाबी

## यूएन रिपोर्ट में भारत की सफलता पर पीएम मोदी ने जताई खुशी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में भारत में बाल मृत्यु दर में भारी गिरावट देखने को मिली। नवजात शिशु मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है। यूएन ने बाल मृत्यु दर में गिरावट को लेकर भारत की जमकर सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा कि यूएन की रिपोर्ट में बच्चों की मौत में तेज गिरावट के लिए भारत की तारीफ की गई। संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह के अनुसार बच्चों की मौत की दर को कम करने में दुनियाभर में भारत का अहम बनकर उभरा है।

## संयुक्त राष्ट्र बाल मृत्यु दर अनुमान अंतर-एजेंसी समूह ने बताया



### छोटे बच्चों की मौतों में 76 फीसदी की कमी

2 दशकों में भारत ने दक्षिण एशिया क्षेत्र में बच्चों की मृत्यु दर को कम करने की कोशिशों में अहम भूमिका निभाई है। 1990 से 5 साल से कम उम्र के बच्चों की मौतों में 76 फीसदी की कमी आई है और 2000 से 68 फीसदी की कमी आई। यह बड़ी कमी मुख्य रूप से भारत जैसे देशों के कारण आई है, जहां लक्षित सार्वजनिक स्वास्थ्य हस्तक्षेप, बेहतर संस्थागत डिलीवरी है।

### भारत ने निमोनिया डायरिया, मलेरिया पर नियंत्रण पाया

5 साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर में काफी कमी आई है। 2000 में हर 1,000 जीवित जन्मों पर 92 मौतों से घटकर 2024 में लगभग 32 हो गई है। भारत के खास दखल ने निमोनिया, डायरिया, मलेरिया और जन्म से जुड़ी दिक्कतों पर नियंत्रण किया है। जैसी रोकी जा सकने वाली बीमारियों से होने वाली मौतों को कम करने में मदद की है।

### 990 में 57 से घटकर 2024 में 17 हो गई

रिपोर्ट में इन नतीजों ने एक मजबूत, केंद्र और राज्यों द्वारा संचालित तथा मानकों पर आधारित सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली की प्रभावशीलता को उजागर किया है। भारत ने राष्ट्रीय दृष्टिकोण को जमीनी स्तर पर मापने योग्य परिणामों में बदलने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। नवजात शिशु मृत्यु दर में 70 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है, जो 1990 में 57 से घटकर 2024 में 17 है।

---

## जिला परिषद् का कार्यालय, सरायकेला–खरसावाँ

Emailid-ceozilaparishadsaraikela@gmail.com

–: शुद्धि पत्र :–

इस कार्यालय के ज्ञापांक–111/जि0परि0, सरायकेला, दिनांक–02.03.2026 एवं ज्ञापांक–131/जि0परि0, सरायकेला, दिनांक–12.03.2026 के द्वारा आमंत्रित अति अल्पकालीन ई–निविदा सं0–21/2025–26 जिसका **PR No.-375013 Panchayati Raj (25-26):D** है, को अपरिहार्य कारणों से निम्न प्रकार संशोधित किया जाता है :–

| क्र0सं0 | संशोधित विवरण एवं तिथि |
|---|---|
| 1. | वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.03.2026 |
| 2. | निविदा online प्राप्त करने की संशोधित तिथि – 18.03.2026 से 24.03.2026 समय 5:00 PM तक पढ़ा जाए। |
| 3. | निविदा खोलने की संशोधित तिथि – 25.03.2026 अपराह्न 5:00 बजे पढ़ा जाए। |

अन्य शर्त्त पूर्ववत् रहेंगी।

जिला अभियंता
जिला परिषद्,
सरायकेला–खरसावाँ

PR 375648 Panchayati Raj(25-26)D

## Shaheed Mahendra Karma Vishwavidyalaya, Bastar

(Multidisciplinary Education & Research University)

Dharampura-2, Jagdalpur, Dist.-Bastar. Chhattisgarh, India, Pin code 494 001
Telephone 07782-229037, Fax 07782-229037, Website: www.smkvbastar.ac.in

No./3160/Admin./Estt./SMKV/2026 Jagdalpur, Dated: 17/03/2026

**ADVERTISEMENT NOTICE**

Online applications are invited from eligible candidates for the recruitment in vacant posts of Professors, Associate Professors and Assistant Professors in various teaching Departments/Schools of Studies in the faculty of Arts & Social Sciences in the University on a regular basis. Please visit the University website www.smkvbastar.ac.in for detailed advertisement, general instructions, qualifications, eligibility criteria, online application process, fees and other details. Any change or amendment in this advertisement shall be displayed on the University website only. Therefore, the interested candidates are advised to visit the University website regularly and remain updated.

**Important Dates**

| Online Application Form (Opening & Closing Dates) | Edit time Window | Last date of receiving the hard copy of the complete application form in the University |
|---|---|---|
| 23/03/2026, 12:00 Noon to 22/04/2026, 11:59 PM | 23/04/2026, 12:00 Noon to 27/04/2026, 11:59 PM | 12/05/2026, 05:00 PM |

S-47247/1 Registrar

# गाजियाबाद में दिल दहलाने वाली घटना

# 13वीं मंजिल से कूद बेटे ने दी जान, घर में मिला मां का शव

एजेंसी ▶▶| गाजियाबाद

यूपी के गाजियाबाद स्थित कविनगर थाना क्षेत्र के महागुनपुरम सोसायटी में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। विनायक टॉवर में 42 वर्षीय राजवीर चावला ने 13वीं मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस को उनके फ्लैट में उनकी 70 वर्षीय मां सतनामकौर का शव भी मिला है। राजवीर चावला एक एस्ट्रोलॉजिस्ट (ज्योतिष) थे। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

### बेड पर पड़ी थी मां की लाश

राजवीर चावला ने 13वीं मंजिल से कूदकर अपनी जान दे दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उनके फ्लैट की तलाशी ली। वहां बेड पर उनकी मां सतनामकौर का शव पड़ा मिला। मां का शव दो से तीन दिन पुराना बताया जा रहा है। उनकी नाक पर खून के धब्बे भी मौजूद थे। पुलिस ने दोनों शवों को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया है।

## छ.ग.गृह निर्माण मंडल, वृत्त-बिलासपुर

:: प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना ::

वि.क्र.- 17

छ.ग.गृह निर्माण मण्डल वृत्त - बिलासपुर अन्तर्गत संभाग सक्ती में निक्षेप कार्य अंतर्गत (1) बैडमिंटन कोर्ट जांजगीर में वुडन फ्लोरिंग एवं पोल स्थापना का कार्य (2) बैडमिंटन कोर्ट चांपा में वुडन फ्लोरिंग एवं पोल स्थापना का कार्य (3) बैडमिंटन कोर्ट पामगढ़ में वुडन फ्लोरिंग एवं पोल स्थापना का कार्य हेतु मेनुअल निविदा एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत सक्षम श्रेणी ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधित विस्तृत विवरण मण्डल वेबसाईट http://cghb.gov.in में उपलब्ध है। अन्य जानकारी हेतु कार्यपालन अभियंता, संभाग सक्ती के मो.नं. 7089553050 पर संपर्क करें।

S-47244/1 उपायुक्त

## राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
## NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR

(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India
G.E. Road, Raipur – 492010 (CG)

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर विद्युत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है : Name of Work : Supply, Installation, Testing and commissioning work of area lighting High Mast in the Cricket ground at NIT campus Raipur. Enquiry no.: No./NITRR/EE/EO/ETender/2026/0254 Raipur, Dated: 16-03-2026 (1st call). जो की ई–निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.in/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 23/03/2026 18:00 बजे तक व निविदा खुलने की तिथि 24/03/2026 16:00 बजे। फॉर्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.in/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।

–सही–
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी.रायपुर

ASA

# आदिवासी नेताओं ने की राहुल गांधी से मुलाकात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को ग्रेट निकोबार द्वीप के आदिवासी नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और प्रस्तावित ग्रेट निकोबार प्ररियोजना के प्रति उनके विरोध पर चर्चा की। मुलाकात के बाद कांग्रेस ने 'एक्स' पर कहा, ''नेताओं ने प्रस्तावित ग्रेट निकोबार परियोजना का कड़ा विरोध करते हुए कहा कि यह उनकी जीवन शैली और द्वीप के नाजुक पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरा है।'राहुल गांधी के आवास पर हुई मुलाकात की तस्वीरें साझा करते हुए पार्टी ने कहा, ''उन्होंने यह भी बताया कि मंजूरी की प्रक्रिया के दौरान उनकी सहमति ठीक से नहीं ली गई थी।'

## कार्यालय कलेक्टर जिला धमतरी एवं पदेन उप सचिव छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

**// प्रारंभिक अधिसूचना //** धमतरी दिनांक 16.02.2026

भू-अर्जन प्रकरण क्रमांक 202503130400041 / अ-82 / 2024-25 चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है कि नीचे अनुसूचि के खाने (1) से (5) में वर्णित भूमि की अनुसुची के खाने (7) में दर्शित सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है। अतः भूमि अर्जन, पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम 2013 (जिसे एतद द्वारा अधिनियम 2013 कहा जायेगा) की धारा 11 की धारा (1) के उपबंधो के अनुसार सभी संबंधित व्यक्तियों को इस आशय की सूचना दी जाती है, कि राज्य शासन एतद द्वारा अनुसूची के कालम (6) में उल्लेखित प्रधिकारी को उपरोक्त भूमि के संबंध में धारा 12 के अंतर्गत दी गई शक्तियों का प्रयोग करने के लिए प्राधिकृत करता है:-

**अनुसूची**

**भूमि का प्रकार - कालम नं. (1) जिला - धमतरी, कालम नं. (2) तहसील - धमतरी, कालम नं. (3) ग्राम - अरौद**

| भूमि का प्रकार | | धारा 12 द्वारा प्राधिकृत अधिकारी | सार्वजनिक प्रयोजन का विवरण |
|---|---|---|---|
| खसरा नंबर | क्षेत्रफल (हेक्टे. में) | | |
| 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1250 | 0.0170 | अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी धमतरी जिला धमतरी | ए.डी.बी. लोन-3 परियोजना अंतर्गत बुढ़ेनी-नयापारा-परसवानी-मगरलोड-मोंहदी-बोर सी भोयना मार्ग का पुनर्निर्माण एवं उन्नयन कार्य हेतु |
| 1253 | 0.0072 | | |
| 1254 | 0.0070 | | |
| 1251 | 0.0100 | | |

**योग कुल खसरा नंबर 4 कुल रकबा 0.0412 हेक्टेयर**

2. यह भी सूचित किया जाता है कि उपरोक्त भूमि में कोई भी हितबद्ध व्यक्ति इस अधिसूचना के प्रकाशन के तिथि के 60 दिवस के भीतर अर्जित की जाने वाली भूमि के क्षेत्रफल एवं उपयुक्तता लोक प्रयोजन के औचित्य तथा सामाजिक समाघात निर्धारण के निष्कर्षो के बारे में अपना दावा / आपत्ति लिखित में कलेक्टर को स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से अधिनियम 2013 की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रस्तुत कर सकेगा।
3. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धमतरी के कार्यालय में देखा जा सकता है।
4. प्रस्तावित भूअर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
5. प्रस्तावित प्रयोजन के भू-अर्जन के लिए कराये गये सामाजिक समाघात अध्ययन के अनुसार भूमि का अर्जन अंतिम विकल्प के रूप में किया जाना प्रस्तावित है तथा भूमि अर्जन से सामाजिक समाघात की तुलना में सामाजिक लाभ अधिक होना पाया गया है।
6. प्रस्तावित भू-अर्जन के लिए अधिनियम 2013 की धारा 43 के तहत अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) धमतरी जिला धमतरी को पुनर्वास एवं पुनर्व्यवस्थापन प्रशासक नियुक्त किया गया है।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अबिनाश मिश्रा)
कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव
छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं भू-अर्जन अधिकारी धमतरी जिला धमतरी (छ.ग.)

G-252607287/1

## Public Works Department Office of The Superintanding Engineer, Pwd, Raipur Circle No.-1 Raipur (C.G.)

**REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) (1st Call)**

**No. 18/Raipur/2025-26** **Raipur, Dated 17.03.2026**

Public Works Department (PWD) invites proposal for Planning, Design, Estimation and related services for the work

डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालय ( मेकाहारा ) रायपुर के बाहरी ब्रांडिग साईनेज, फेसलिफ्ट, उन्नयन एवं बाहरी सौंदर्यीकरण कार्य हेतु आर्किटेक्ट नियुक्त करने की अनुमति बाबत।

**Situated at Raipur**
**Probable cost of project Rs. 2000.00 Lakh.**
**Minimum eligibility for participants shall be as below:-**

| S. N. | Building project cost | The applicant firms, firms forming Joint venture/ consortium shall be | Earnest money (In shape as per annexure 1) Favor of Executive Engineer, PWD Division No.-2, Raipur |
|---|---|---|---|
| 1 | For project cost Between 10 to 25 Crore | Empanelled as architect in Class "C" & Above Class in C.G. PWD. | Rs. 5,000-00 |

**General condition :-** All the documents & Information as per para 6.4, shall be submitted through speed post/Registered post. so as to reach the office of under signed on or before dated 06.04.2026 by 17.30 hour. Any documents received after the last date and time will not be entertained.

The detailed RFP is available on the website www.cg.nic.in/pwdraipur & http://cgstate.gov.in/ from where it can be downloaded for submission. CG.PWD reserves the right to reject all or any of the application without assigning any reason. Right to modify the process of Pre-qualification is reserved with CG.PWD.

Superintending Engineer
Public Works Department
Raipur Circle No-1 Raipur

G-252607281/4

CIN-U40108CT2003SGC015820 GSTIN-22AADCC5773E1ZX

## छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)
CSPTCL
कार्या. कार्यपालन यंत्री अ.उ.दा. (निर्माण) संभाग
बिजली नगर. भिलाई-3, जिला- दुर्ग (छ.ग.), पिनकोड 490021
वेबसाईट:-www.cspc.co.in, ईमेल:- EEEHTConst.Bhilai@cspc.co.in, टेलीफोन न.:- 0788.2281954

क्र. का.यं. / अ.उ.दा. / निर्माण / 1943 भिलाई, दिनांक 19.03.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा 132 के.व्ही. ठेलकाडीह-धमधा पारेषण लाईन से 220/132 के.व्ही. उपकेन्द्र सेमरिया तक लिलो 132 के.व्ही. डी.सी.डी.एस. विद्युत पारेषण लाईन का निर्माण कार्य किया गया है, जिसकी कुल लम्बाई 7.72 किलोमीटर है। यह विद्युत लाईन ग्राम सेमरिया, परसदाखुर्द, टेकापार, गाड़ाडीह, सिलतरा एवं दनिया, तहसील बोरी, जिला दुर्ग से होकर गुजर रही है।

उपरोक्त उल्लेखित लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 21.03.2026 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन को नुकसान पहुंचाना भारतीय विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

**''स्वहित एवं राष्ट्रहित में विद्युत की बचत कीजिए''**

कार्यपालन अभियंता
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
छ.स्टेट पा. ट्रांस. कं. लिमिटेड भिलाई

S-47253/1

# गड्ढे में गिरी कार, इंजीनियरिंग के तीन छात्रों की मौत

**बिहारशरीफ।** बिहार के नालंदा जिले में बृहस्पतिवार को तेज रफ्तार एक कार के अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिरने से इंजीनियरिंग के तीन विद्यार्थियों की मौत हो गई जबकि दो अन्य छात्र गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा चंडी थानाक्षेत्र के सालेहपुर मोड़ और गौढ़ापुर के बीच हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान नालंदा इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र आशीष कुमार, राहुल कुमार और उत्सव सिंह के रूप में हुई जबकि शशिकांत और धीरज कश्यप का इलाज जारी है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 1476/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 मुंगेली, दिनांक 19/03/2026

**-: तृतीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना:-**

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्र. | कार्य का नाम | अनु व्यय राशि (लाख में) | निविदा ऑनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 187241 | नगर पालिका मुंगेली क्षेत्रान्तर्गत कम्पोस्ट प्लाट निर्माण कार्य। | 85.02 | 29.03.2026 |

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईट Http:/eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

## OFFICE OF THE COMMISSIONER MUNICIPAL CORPORATION Raipur (C.G.)

**1st Call**

BID NO: GEM/2026/B/7372553 RAIPUR DATED: 18/03/2026

Online bids are invited for the following works of works up to 09.04.26 at 17:00 hours.

| S. No. | BID NO. | Name of work/ Description of work | Probable amount |
|---|---|---|---|
| 1 | GEM/2026/B/7372553 | Outsourcing of Skilled 55 Computer Operator and 02 Steno Typist at RMC Head Office | 1,38,21,208/- |

घरों से निकलने वाले गीला व सूखा कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

DEPUTY COMMISSIONER
MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

## छ.ग. स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन

प्रधान कार्यालय ग्राम-झांझ, सेक्टर-24, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

क्रं / 3212/ छगवेका / निर्माण / 2025-26 / नवा रायपुर दि- 18.03.2026

**ई-प्रोक्यूरमेंट प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

**Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in/**

छ.ग.स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन के प्रबंध संचालक की ओर से ऑनलाईन निविदाएँ छ.ग. शासन के लो.नि.वि. में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र "अ" में लो.नि.वि. दर अनुसूची से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रण सूचना के अंतर्गत टेण्डर नं. 187316 (ग्रुप 01) में कुल 21600 मे.टन, टेण्डर नं. 187322 (ग्रुप 02) में कुल 19800 मे.टन, टेण्डर नं. 187327 (ग्रुप 03) में कुल 27000 मे.टन, टेण्डर नं. 187333 (ग्रुप 04) में कुल 28800 मे.टन, टेण्डर नं. 187335 (ग्रुप 05) में कुल 23400 मे0टन, टेण्डर नं. 187339 (ग्रुप 06) में कुल 12600 मे.टन, टेण्डर नं. 187341 (ग्रुप 07) में कुल 16200 मे.टन, टेण्डर नं. 187344 (ग्रुप 08) में कुल 16200 मे.टन, टेण्डर नं. 187351 (ग्रुप 09) में कुल 14400 मे.टन, टेण्डर नं. 187358 (ग्रुप 10) में कुल 21600 मे0टन, टेण्डर नं. 187363 (ग्रुप 11) में कुल 12600 मे.टन, टेण्डर नं. 187365 (ग्रुप 12) में कुल 14400 मे.टन एवं टेण्डर नं. 187366 (ग्रुप 13) में कुल 5400 मे.टन क्षमता के गोदाम निर्माण कार्यों की ग्रुपवार पृथक-पृथक प्रथम निविदा आमंत्रित की जाती है **निविदा की अंतिम तिथी दिनॉक 13.04.2026** तक है। निविदा की विस्तृत जानकारी Help-desk Contractors may contact e-procurement help desk for any clarification of their doubts regarding the on line process. For more details, please get in touch with e-Procurement system integrator, M/s. Mjunction Services Limited, Raipur 492001 on Toll free 18002582502 or E-mail helpdesk.eproc@cgswan.gov.in Any further amendment/corrigendum for the tender will be published only online on the https://eproc.cgstate.gov.in/

S-47241/2 कार्यपालन अभियंता

## कार्यालय संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान, (सिम्स चिकित्सालय) बिलासपुर (छ.ग.)

FAX (0)-07752-237400, PHONE (O)-0752-224800, 222301, 2235500

क्रमांक/औ.भ./सं.सं.अधी./ सिम्स चिकी./2026/1126 बिलासपुर, दिनांक 18-03-2026

**// दावा आपत्ति सूचना //**

सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से निम्नलिखित चिकित्सकीय उपकरण साम्पत्तिक प्रकृति (Proprietary Character) होने के कारण रिएजेन्ट्स / कन्ज्युमेबल क्रय करने हेतु दावा आपत्ति सूचना आमंत्रित की जा रही है। प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय के वेबसाईट www.cimsbilaspur.ac.in में अवलोकन कर प्राप्त किये जा सकते है।

| S.N. | Name of Equipment | Make | Model No. | Name of Department |
|---|---|---|---|---|
| 01 | CR System Printer | DXD 100+ (DR System) with NX Workstation and Drystar 5503 | Dry Star 5503 | Radiodiagnosis |
| 02 | CR System Printer | DXD 300 (DR System) with NX Workstation and Drystar AXYS | Dry Star 5503 | Radiodiagnosis |
| 03 | Dry View Laser Imager | GE Hangwel Medical Systems Co.Ltd. China & REVOLUTION EVO | Dry View 6950 | Radiodiagnosis |

दावा आपत्ति जमा करने की अंतिम तिथि-20/04/2026
स्थानः - सिम्स चिकित्सालय बिलासपुर (छ०ग०)

संयुक्त संचालक एवं अधीक्षक
सिम्स चिकित्सालय, बिलासपुर (छ.ग.)

G-252607284/2

## झारखण्ड स्टेट फॉरेस्ट डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड

(झारखण्ड सरकार का उपक्रम)
का0:अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक, झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0,
**455/A,** रोड नं0–5, अशोक नगर, राँची।
E-mail – md_jsfdc@yahoo.co.in / mdjsfdc@gmail.com TOLL FREE No. 18008891131
ई–निविदा सूचना संख्या ल0 व0 प0 प0 [के0 प0(पूराना)]–05/2025
वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत "जैसा है जहाँ है" केन्दू पत्ती की बिक्री हेतु ई–निविदा
**अतिअल्पकालीन ई–निविदा सूचना**

वर्ष 2022 एवं पूर्व के मौसमों के राजसात/जप्त एवं अबतक अबिक्रीत एवं भण्डारित केन्दू पत्ती की प्रचयवार "शुद्ध एक मुश्त राशि" पर "जैसा है जहाँ है" के आधार पर बिक्री हेतु ऑनलाईन ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदायें वेब पोर्टल www.jharkhandtenders.gov.in पर ऑनलाईन निम्नवत प्राप्त की जायेगी :–

| निविदा चक्र (निविदा रिफरेन्स सं0) | समय | निविदा अभिलेख डाउनलोड एवं समर्पण की तिथि | विक्रय समिति की बैठक की तिथि |
|---|---|---|---|
| पन्द्रहवाँ चक्र (KL(OLD)/15/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 23.03.2026 27.03.2026 | 30.03.2026 |
| सोलहवाँ चक्र (KL(OLD)/16/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 01.04.2026 06.04.2026 | 08.04.2026 |
| सत्रहवाँ चक्र (KL(OLD)/17/2025) | प्रारम्भ 11.00 बजे पूर्वा0 अन्त 5.00 बजे अप0 | 10.04.2026 15.04.2026 | 17.04.2026 |

क्रेता पंजीकरण पत्र, निविदा शुल्क, सत्यंकर राशि, निविदाकार का करारनामा, आयकर विभाग द्वारा निर्गत PAN की अभिप्रमाणित प्रति, पिछले तीन लेखा वर्षों के आयकर रिटर्न की अभिप्रमाणित प्रतियाँ, GST निबंधन संख्या के प्रमाण–पत्र की अभिप्रमाणित प्रति, विगत् लेखा वर्ष के GST रिटर्न की प्रति तथा अपलोड किये गये अन्य दस्तावेजों की एक–एक प्रति निविदादाता विक्रय समिति की बैठक की तिथि के एक दिन पूर्व (3.00 बजे अपराह्न) तक प्रमण्डलीय प्रबन्धक के कार्यालय में जमा करेंगे। समस्त इच्छुक निविदाकारों को ऑनलाईन निविदा भरने हेतु Digital Signature Certificate प्राप्त करना अनिवार्य है।

विस्तृत जानकारी यथा निविदा प्रपत्र, लॉट सूची, निविदाकार का करारनामा, निविदा से संबधित शर्ते एवं बंधेज आदि वेब साईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है। ऑनलाईन निविदा समर्पित करने के पूर्व निविदा प्रक्रिया की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर लें। अधिक जानकारी के लिये वन निगम के प्रमण्डलीय/अंचलीय कार्यालयों से तथा वन निगम मुख्यालय के निम्न पदाधिकारी/कर्मी से भी सम्पर्क कर सकते हैं :–(1) उप निदेशक (विपणन), राँची, 9431105100(3) श्री प्रसून कुमार, FPI, राँची, 9153989366(2) उप निदेशक (मुख्यालय), राँची, 9431170318(4) TOLL FREE NO. 18008891131

ह0/–
अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–प्रबन्ध निदेशक,
झारखण्ड राज्य वन विकास निगम लि0, राँची।

PR 375606 Jharkhand State Forest Development Corp Ltd(25-26)D

## कार्यालय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत-धमतरी (छ.ग.)

E-Mail ID : zp-dhamtari.cg@nic.in एवं
दूरभाष क्रमांक 07722–232501, फैक्स नं. 07722-232705

**// प्रेस विज्ञप्ति //**

क्रमांक / 687/ जि.पं. / NRLM / HR&A/2025-26 धमतरी, दिनांक 18/03/2026

विकास आयुक्त कार्यालय SRLM प्रकोष्ठ द्वितीय तल विकास भवन नवा रायपुर का पत्र क्र./ ESTB/ 1107/ 2025 - Section CGSRLM नवा रायपुर दिनांक 23.02.2026 के परिप्रेक्ष्य में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन 'बिहान' अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के मूल निवासियों से विकासखण्ड स्तर के कुल 02 रिक्त (संविदा) पदों पर भर्ती हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाना है जिसका विवरण निम्नानुसार है:-

| क्र. | पदनाम/ वर्ग | जिला/ विकासखंड स्तर | अनारक्षित | | अ.जा. वर्ग | | अ.ज.जा. वर्ग | | अन्य पिछड़ा वर्ग | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला | मुक्त | महिला |
| 1 | विकासखंड परियोजना प्रबंधक | विकासखंड स्तर | - | - | - | - | - | - | 1 | - | 1 | - |
| 2 | लेखा सह एम.आई.एस. सहायक | | - | - | - | - | 1 | - | - | - | 1 | - |
| | योग | | - | - | - | - | 1 | - | 1 | - | 2 | - |

योजनांतर्गत संविदा पदों के पूर्ति के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता, नियम शर्ते एवं आवेदन पत्र दिनांक 07.04.2026, शाम 05:30 बजे तक प्रारूप में स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत धमतरी के नाम से प्रेषित किया जावें। अधिक जानकारी के लिए जिला धमतरी के वेब साईट - www.dhamtari.nic.in एवं www.dhamtari.gov.in पर देखा जा सकता है तथा डाउनलोड किया जा सकता है। अन्य जानकारी जिला पंचायत के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है।

**उपरोक्त जानकारी में IT Act 2000 एवं Aadhar Act 2016 का अनुपालन किया गया है।**

मुख्य कार्यपालन अधिकारी,
जिला पंचायत धमतरी

S-47246/2

# सैमसन रॉयल्स का चेहरा बन गए थे, उन्हें खोना बहुत बड़ा नुकसान : डुप्लेसी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी का मानना है कि जिस तरह से महेंद्र सिंह धोनी चेन्नई सुपर किंग्स और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के पर्याय बन चुके हैं, इसी तरह से संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स का चेहरा माना जा सकता है और उनका जाना टीम के लिए बहुत बड़ा नुकसान है। सैमसन राजस्थान रॉयल्स की तरफ से दो कार्यकाल में 11 सत्र में खेले। वह इस टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने रॉयल्स की तरफ से सर्वाधिक मैच खेलने के अलावा सर्वाधिक रन भी बनाए हैं। इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलेंगे।

### संजू लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा

डुप्लेसी ने जिओ हॉटस्टार से कहा, ''अगर हम आईपीएल की टीमों पर गौर करें तो अधिकतर टीमों के पास कोई एक ऐसा खिलाड़ी रहा है जो लंबे समय तक फ्रेंचाइजी का चेहरा रहा जैसे रोहित शर्मा, महेंद्र सिंह धोनी और विराट कोहली। मैं संजू सैमसन को राजस्थान रॉयल्स के लिए उसी तरह का खिलाड़ी मानता हूं।''

### संजू ने टीम में बड़ी भूमिका निभाई है

अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा, ''भले ही वह नई पीढ़ी के खिलाड़ी हैं, लेकिन वह उस फ्रेंचाइजी का चेहरा बन गए थे। जब मैं राजस्थान रॉयल्स के बारे में सोचता हूं, तो मुझे संजू सैमसन याद आते हैं। इसलिए मुझे लगता है कि उनका किसी अन्य टीम से जुड़ना प्रशंसकों, आईपीएल और टूर्नामेंट के लिए बहुत बड़ा झटका है, क्योंकि उन्होंने वहां बहुत बड़ी भूमिका निभाई है।'




- दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डुप्लेसी का मानना
- धोनी व विराट की तरह संजू भी बेंगलुरु के लिए पर्याय बन चुके



### जायसवाल पर अतिरिक्त भार आएगा

डुप्लेसी ने कहा कि सैमसन के जाने से राजस्थान रॉयल्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पर अतिरिक्त जिम्मेदारी आ जाएगी। सैमसन की मौजूदगी में जायसवाल अपना स्वाभाविक खेल खेलते थे लेकिन अब उन पर अधिक जिम्मेदारी आ गई है।

### संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था

डुप्लेसी ने कहा, ''संजू की मौजूदगी में यशस्वी जायसवाल को अपना नैसर्गिक खेल खेलने का मौका मिलता था क्योंकि दूसरे छोर से संजू लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहा था। अब ऐसा नहीं होगा और उन पर अधिक जिम्मेदारी होगी। उस तरह के बल्लेबाज के लिए यह महत्वपूर्ण होता है कि वह जिम्मेदारी के बारे में नहीं सोचें। इसलिए यह सत्र उनके लिए सीखने की एक प्रक्रिया होगी।''

### पराग को कप्तान बनाने से हैरानीः बालाजी

पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज लक्ष्मीपति बालाजी ने कहा कि राजस्थान रॉयल्स के रियान पराग को कप्तान नियुक्त करने के फैसले से उन्हें हैरानी हुई जबकि टीम में जायसवाल, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और इंग्लैंड के सैम कुरेन जैसे अधिक अनुभवी खिलाड़ी मौजूद थे।

### संगकारा की भूमिका होगी महत्वपूर्ण

डुप्लेसी ने कहा, ''मुझे इस फैसले से थोड़ा हैरानी हुई क्योंकि उसके पास यशस्वी जायसवाल, रविंद्र जडेजा जैसे भारतीय खिलाड़ी और सैम कुरेन के रूप में विदेशी खिलाड़ी है जो कप्तानी कर सकते थे। इसलिए मुझे यह एक तरह का जुआ लगता है।''बालाजी ने कहा कि ऐसे में टीम के मुख्य कोच और क्रिकेट निदेशक कुमार संगकारा की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है।

## खबर संक्षेप



### तेंदुलकर के समर्थन से खुलेगी क्रिकेट अकादमी

**अहमदाबाद।** सचिन तेंदुलकर के समर्थन से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी 10 अप्रैल से यहां शुरू होगी, जिसमें पूर्व भारतीय खिलाड़ियों की एक टीम मार्गदर्शक के रूप में पांच वर्ष से अधिक उम्र के खिलाड़ियों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण देगी। एसआरटी10 अल्टेवोल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस क्रिकेट अकादमी को पिछले साल लॉन्च किया जाना था, लेकिन अब वह संचालन के लिए तैयार है। एसजी रोड पर वैष्णोदेवी सर्कल के पास शंकुस फार्म में स्थित इस अकादमी के बुनियादी ढांचे में पेशेवर क्रिकेट नेट, मैचों के आयोजन के लिए मैदान, आधुनिक साजो समान से सजा जिम और एक रनिंग ट्रैक शामिल हैं। एसआरटी10 ग्लोबल अकादमी पहले से ही नवी मुंबई स्थित डीवाई पाटिल स्पोर्ट्स अकादमी में संचालित की जा रही है।

### विश्व इंडोर एथलेटिक्स की मेजबानी करेगा भारत

**नई दिल्ली।** भारत को बृहस्पतिवार को पोलैंड में हुई विश्व एथलेटिक्स परिषद की बैठक में प्रतिष्ठित विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी के अधिकार सौंपे गए जिसका आयोजन भुवनेश्वर में किया जाएगा। यह फैसला पोलैंड के तोरून में 2025 विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप शुरू होने से ठीक एक दिन पहले अंतरराष्ट्रीय संस्था की बैठक में लिया गया। विश्व एथलेटिक्स के उपाध्यक्ष आदिल सुमारिवाला ने पोलैंड से पीटीआई को बताया, ''भारत को साल 2028 के लिए विश्व इंडोर एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी सौंपी गई है। 'भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) ने इस साल की शुरुआत में विश्व इंडोर चैंपियनशिप के लिए अपनी दावेदारी पेश की थी। जनवरी में विश्व एथलेटिक्स की दो सदस्यीय टीम ने भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम परिसर में बनी अत्याधुनिक इंडोर सुविधा का दौरा किया था।

### राष्ट्रीय टेटे में तमिलनाडु ने बंगाल को हराया



**इंदौर।** तमिलनाडु ने 87वीं यूटीटी सीनियर राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप के पुरुष युगल मुकाबले में उलटफेर करते हुए शीर्ष वरीय पश्चिम बंगाल को बाहर कर दिया। तमिलनाडु के एम आर बालमुरुगन और सिद्धेश पांडे की जोड़ी पश्चिम बंगाल की शीर्ष वरीय जोड़ी अंकुर भट्टाचार्जी और शंखादीप दास को 3-2 से हराकर उलटफेर किया। रेलवे खेल प्रोत्साहन बोर्ड की दो जोड़ियों ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहुँचाया। जीत चंद्र और अनिर्बान घोष ने एक कड़े मुकाबले में हरियाणा के वेस्ली डो रोसारियो और निकुंज अत्री को 3-1 से हराया। वहीं उनके साथी रोनित भंजा और प्रयेष राज सुरेश की जोड़ी भी सेमीफाइनल में पहुंच गई। उन्होंने ओडिशा के सार्थक आर्य और तुषार चौहान को 3-0 से मात दी।

## हजारों खिलाड़ियों के साथ की धोखाधड़ी

# खिलाड़ी ने 'युवा खेलो इंडिया महासंघ' का फोड़ा भांडा, प्राथमिकी दर्ज करेगा मंत्रालय

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ताइक्वांडो की एक 16 वर्षीय खिलाड़ी की जिज्ञासा ने सरकारी संबद्धता का दावा करने वाली एक संस्था का हजारों खिलाड़ियों के साथ धोखाधड़ी करने का भंडाफोड़ किया और इस घटना से स्तब्ध खेल मंत्रालय अब इस मामले में प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज करने जा रहा है।

नाम गुप्त रखने की इच्छुक किशोरी ने मंत्रालय से संपर्क कर पूछा था कि क्या 'युवा खेलो इंडिया महासंघ (वाईकेआईएफ)' को मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) से मान्यता हासिल है, जैसा कि इसकी आधिकारिक वेबसाइट पर दावा किया गया है। इस खिलाड़ी ने बताया कि उसने पिछले साल नवंबर में उदयपुर में आयोजित तथाकथित राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया था।

### अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भागीदारी के लिए 77 हजार मांगे गए

उस घटना के बाद मामला और भी गंभीर हो गया क्योंकि उसी संस्था ने अप्रैल में थाईलैंड में होने वाले एक अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 825 अमेरिकी डॉलर (लगभग 77,000 रुपये) की मांग की थी।




### उदयपुर में आयोजित किया जा रहा था

कक्षा 12 में पढ़ रही इस खिलाड़ी ने टेलीफोन पर बताया, ''मैंने ताइक्वांडो का प्रशिक्षण पिछले साल ही शुरू किया था और मेरे एक कोच ने मुझे बताया कि उदयपुर में युवा खेलो इंडिया महासंघ एक राष्ट्रीय प्रतियोगिता आयोजित कर रहा है। मैंने उसमें भाग लिया और जीत भी हासिल की। मुझे तब कुछ भी असामान्य नहीं लगा और यह एक अन्य प्रतियोगिता की ही तरह थी।''

### प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, वुशु सहित अन्य खेल थे

उदयपुर में एक से तीन नवंबर तक आयोजित की गई इस प्रतियोगिता में ताइक्वांडो, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, किकबॉक्सिंग और वुशु सहित अन्य खेलों के उभरते हुए खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस खिलाड़ी ने कहा, ''मैंने वहां प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 7,000 रुपये का भुगतान किया और उसके बाद मुझे बताया गया कि विजेताओं को अप्रैल में एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए थाईलैंड ले जाया जाएगा, जिसके लिए हमें एक अप्रैल तक अपने सभी दस्तावेज पूरे करने होंगे और शुल्क जमा करना होगा।''

### भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था

भुगतान की जाने वाली राशि काफी अधिक थी और इच्छुक प्रतिभागी टूर्नामेंट के लिए तैयार किए गए ब्रोशर से संतुष्ट नहीं थी। टूर्नामेंट के शुभंकर की शक्ल खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों के शुभंकर शान से मिलती-जुलती थी, जो एक हिम तेंदुआ है। हालांकि ब्रोशर में पाकिस्तान और बांग्लादेश सहित अन्य प्रतिभागी देशों के झंडे दिखाए गए थे, लेकिन इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों के बारे में नहीं बताया गया था जो जरूरी होता है।

### मंत्रालय को समझ आया युवाओं को नाम से गुमराह किया जा रहा

मंत्रालय को यह समझने में देर नहीं लगी कि युवाओं को इसके नाम पर गुमराह किया जा रहा है और उसने तुरंत प्रेस सूचना ब्यूरो के माध्यम से जांच की जिससे पता चला कि 'यह संस्था न तो इससे मान्यता प्राप्त है और न ही इससे संबद्ध है।' अगला कदम इस संस्था के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करना है।

### साइ के लोगो का किया था इस्तेमाल

मंत्रालय के एक सूत्र ने कहा, ''हम वेबसाइट को देखकर दंग रह गए, इसमें न केवल खेल मंत्रालय और साइ के 'लोगो' का इस्तेमाल किया गया था, बल्कि भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) से संबद्ध होने का भी दावा किया गया था।'' वाईकेआईएफ की वेबसाइट का दावा है कि इसमें 200 से अधिक जिलों से 22,000 से अधिक खिलाड़ी पंजीकृत हैं।

### संस्था का मुख्यालय शालीमार बाग में


संस्था का मुख्यालय दिल्ली के शालीमार बाग में है और इसकी प्रमुख शिल्पी अरोड़ा हैं जिनसे संपर्क नहीं हो पाया लेकिन कुछ अन्य पदाधिकारियों ने जवाब दिया। पीटीआई ने वाईकेआईएफ के राज्य समन्वयक लविश सोनी से बात की, जिन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संस्था को मंत्रालय से मान्यता प्राप्त है।

### सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिलीः अत्री

संस्था के राष्ट्रीय समन्वयक दीपक अत्री ने भी यही बात कही, लेकिन स्वीकार किया कि वाईकेआईएफ को राष्ट्रीय या जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं के आयोजन के लिए सरकार से कोई मंजूरी नहीं मिली है। अत्री ने कहा, ''हम युवा खिलाड़ियों के लिए पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट आयोजित करते हैं। हमने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों के लिए मंत्रालय से संबद्धता का दावा कभी नहीं किया।''

## चैंपियंस लीग

# बार्सिलोना, लिवरपूल और बायर्न क्वार्टर फाइनल में



एजेंसी ▶▶| लंदन

बार्सिलोना ने सात गोल किए और लिवरपूल ने चार गोल करके बुधवार को चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में बड़ी जीत दर्ज करके क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

एटलेटिको मैड्रिड ने टोटेनहम के पलटवार का अच्छी तरह से सामना करते दूसरे चरण में 2-3 से हार के बावजूद 7-5 से जीत दर्ज करके अंतिम आठ में अपनी जगह सुरक्षित की। बायर्न म्यूनिख के लिए क्वार्टर फाइनल में पहुंचना सबसे आसान रहा। उसने बुधवार को अटलांटा को 4-1 से और कुल मिलाकर 10-2 से हराकर रियाल मैड्रिड के खिलाफ रोमांचक क्वार्टर फाइनल की नींव रखी। चैंपियंस लीग में एक बार फिर गोल की बरसात हुई। बार्सिलोना ने रोमांचक मुकाबले में न्यूकैसल को दूसरे हाफ में बुरी तरह से हरा दिया और 7-2 से जीत हासिल की। न्यूकैसल में खेले गए पहले चरण में 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद बार्सिलोना ने पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में लामिन यामल के पेनल्टी किक पर किए गए गोल से 3-2 से बढ़त हासिल की।

इसके बाद रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने दो गोल किए, फर्मिन लोपेज़ ने एक शानदार मूव को गोल में बदला जबकि राफिन्हा ने अपना दूसरा गोल किया। लिवरपूल ने एनफील्ड में गैलाटासराय पर 4-0 से आसान जीत हासिल की। वह इस्तांबुल में पहले चरण में एक गोल से हार गया था। मोहम्मद सलाह हालांकि पहले हाफ के स्टॉपेज टाइम में पेनल्टी पर गोल नहीं कर पाए जब कुल स्कोर 1-0 था। सलाह ने दूसरे हाफ में इसकी भरपायी कर दी। उन्होंने ह्यूगो एकिटिके और रयान ग्रेवेनबर्च को गोल करने में मदद की और फिर एक शानदार गोल किया।

### इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थी

इस प्रतियोगिता में इंग्लैंड की रिकॉर्ड छह टीमें शामिल थीं और सभी टीमें राउंड ऑफ़ 16 तक पहुंचीं, लेकिन केवल आर्सेनल और लिवरपूल ही आगे बढ़ पाईं। चेल्सी को मंगलवार को मौजूदा चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने टूर्नामेंट से बाहर कर दिया।

## आईपीएल

# दिल्ली कैपिटल्स के लिए फिनिशर बनेंगे आशुतोष




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आशुतोष शर्मा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) जैसे बड़े मंच पर खेलने का दबाव महसूस नहीं करते और 2026 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पिछले सत्र के मुकाबले ज्यादा से ज्यादा मैच खत्म करने (फिनिश) पर फोकस कर रहे हैं। दिल्ली कैपिटल्स के लिए अपने पहले सत्र में 'इम्पैक्ट प्लेयर' आशुतोष ने टूर्नामेंट की शुरुआत जोरदार तरीके से की थी।

आशुतोष ने 31 गेंद में 66 रन बनाकर लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ एक रोमांचक जीत दिलाई थी। हालांकि वह और उनकी टीम टूर्नामेंट में मिली शुरुआती बढ़त का फायदा नहीं उठा सकी। टीम प्ले-ऑफ में जगह बनाने से भी चूक गई। आशुतोष ने 28 मार्च से शुरू हो रहे आईपीएल सत्र की तैयारियों के बारे में बात करते हुए कहा, ''तैयारियां बहुत अच्छी चल रही हैं। हमने सत्र पूर्व तीन-चार शिविर में हिस्सा लिया है। मेरी भूमिका पिछले साल जैसी ही रहेगी, टीम के लिए छठे या सातवें नंबर पर आकर मैच फिनिश करना। मैं ज्यादा से ज्यादा मैच जीतना चाहता हूं। मध्य प्रदेश के रहने वाले 27 वर्षीय आशुतोष 2024 में पंजाब किंग्स के लिए अपने शानदार प्रदर्शन से सुर्खियों में आए थे और यह उनका तीसरा आईपीएल सत्र होगा। वह घरेलू क्रिकेट में रेलवे के लिए खेलते हैं।

### बटलर को उम्मीद, आराम से आईपीएल में मिलेगी मदद

**लंदन।** इंग्लैंड के शीर्ष बल्लेबाज जोस बटलर ने कहा है कि टी20 विश्व कप के निराशाजनक अभियान के बाद कुछ दिन तक क्रिकेट से दूर रहने से उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में मदद मिलेगी जिसमें वह गुजरात टाइटन्स के साथ एक नई शुरुआत करना चाहते हैं। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान बटलर को टीम का समर्थन मिलता रहा, भले ही भारत और श्रीलंका में खेले गए टी20 विश्व कप के दौरान वह रन बनाने के लिए संघर्ष करते रहे थे। विश्व कप में इंग्लैंड की ओर से पारी की शुरुआत करते हुए बटलर ने आठ मैचों में केवल 87 रन बनाए। उनका औसत 10.87 और स्ट्राइक रेट 116 रहा। इंग्लैंड की टीम मुंबई में सेमीफाइनल में भारत से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गई थी। इस 35 वर्षीय खिलाड़ी को उम्मीद है कि पांच मार्च को सेमीफाइनल में हारने के बाद उन्हें विश्राम करने का जो मौका मिला है उससे उन्हें 28 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल में मदद मिलेगी। बटलर ने 'फॉर द लव ऑफ क्रिकेट' पॉडकास्ट पर कहा, ''मैं क्रिकेट से पूरी तरह दूर रहा।

# विश्व कप के लिए विस्तृत रणनीति तैयार करनी होगी : कोच फुल्टन

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कोच क्रेग फुल्टन ने इस साल के आखिर में होने वाले विश्व कप में कड़े प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ विशेष और विस्तृत रणनीति तैयार करने की बात कही। उन्होंने साथ ही मौजूदा समय में संघर्ष कर रही टीम का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि वे सही समय पर अच्छी फॉर्म में आ जाएंगे।

भारत ने इस सत्र में अब तक सिर्फ एक मैच जीता है जो होबार्ट में खेला गया एफआईएच प्रो लीग मैच था जिसमें उसने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पेनल्टी शूटआउट में जीत दर्ज की थी। नीदरलैंड और बेल्जियम में 15 अगस्त से शुरू होने वाले विश्व कप के पूल डी में भारत का सामना शीर्ष वरीय इंग्लैंड, अपने पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान और मजबूत वेल्स से होगा। ग्रुप चरण के सभी मैच नीदरलैंड के एम्स्टेलवीन में स्थित वैगेनर हॉकी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

हॉकी इंडिया की प्रेस विज्ञप्ति में फुल्टन के हवाले से कहा गया, ''हम अपनी रणनीति, दबाव बनाने की रणनीति और अपनी 'फिनिशिंग' (गोल करने की क्षमता) पर कड़ी मेहनत करेंगे। ये वे छोटी-छोटी बातें हैं जो इस स्तर पर मैचों का नतीजा तय करती हैं।

विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 तक पहुंचने वाले भारत के एकमात्र खिलाड़ी

# घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश के खेल आयुक्त नियुक्त

## दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारत के दिग्गज स्क्वाश खिलाड़ी सौरव घोषाल को इस साल के आखिर में होने वाली वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) लीग का खेल आयुक्त नियुक्त किया गया है। पीएसए विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंचने वाले भारत के एकमात्र पुरुष खिलाड़ी घोषाल के नाम 11 खिताब और एशियाई खेलों के नौ पदक के अलावा दो दशक तक प्रमुख प्रतियोगिताओं में खेलने का अनुभव है। उन्होंने प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन (पीएसए) के पुरुष अध्यक्ष तथा पीएसए और वर्ल्ड स्क्वाश (खेल की वैश्विक शासी निकाय) के संयुक्त खिलाड़ी आयोग के सह अध्यक्ष के रूप में भी कार्य किया है। डब्ल्यूपीएस ने बयान में कहा, ''घोषाल वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश (डब्ल्यूपीएस) के खेल आयुक्त के रूप में लीग के संपूर्ण खेल ढांचे की जिम्मेदारी संभालेंगे, जिसमें प्रतियोगिता का प्रारूप, खिलाड़ियों की योग्यता और रेफरी के लिए मानक तय करना शामिल है।''



### लीग में बड़े खिलाड़ी तैयार करने की क्षमता

स्क्वाश लॉस एंजिलिस ओलंपिक खेलों में पदार्पण करेगा और घोषाल ने कहा कि इस लीग में बड़े खिलाड़ी तैयार करने की क्षमता है। उन्होंने कहा, ''दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्क्वाश खिलाड़ी उन क्लबों और मैदानों से उभरे हैं जो चकाचौंध से दूर थे। वर्ल्ड प्रीमियर स्क्वाश इस खेल के भावी महान खिलाड़ियों को शीर्ष तक पहुंचने के लिए वास्तविक मंच प्रदान करेगा।''


## कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ा

# मेस्सी ने 900वां गोल किया, रोनाल्डो के क्लब में शामिल

एजेंसी ▶▶| फोर्ट लॉडरडेल (अमेरिका)

स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने अपने करियर का 900वां गोल करके अपनी कई महत्वपूर्ण उपलब्धियों में एक और अध्याय जोड़ दिया। मेस्सी ने इंटर मियामी की तरफ से खेलते हुए बुधवार की रात को नैशविले के खिलाफ कॉनकाफ चैंपियंस कप राउंड ऑफ़ 16 मैच के शुरुआती मिनटों में गोल करके यह उपलब्धि हासिल की।

लगातार दो बार मेजर लीग सॉकर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, आठ बार बैलोन डीओर विजेता और विश्व कप चैंपियन मेस्सी ने हमेशा की तरह अपने बाएं पैर से यह गोल किया। उन्हें खेल के सातवें मिनट में बॉक्स के बीच में पास मिला, उन्होंने गेंद को नियंत्रित किया और डिफेंडरों के बीच से उसे गोल पोस्ट के अंदर पहुंचा दिया।



### मेस्सी ने देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती

मेस्सी ने क्लब और देश के लिए 47 ट्रॉफियां जीती हैं, जिनमें अर्जेंटीना के लिए 2022 विश्व कप और इंटर मियामी के साथ पिछले सत्र का एमएलएस खिताब शामिल है। इस तरह वह पुरुष फुटबॉल के इतिहास में सबसे अधिक खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। मेस्सी लगभग दो दशक तक बार्सिलोना की तरफ से खेलते रहे और उन्होंने अपने आधे से अधिक गोल स्पेन के इस क्लब की तरफ से ही किए हैं।

### रोनाल्डो एक मात्र खिलाड़ी जिन्होने 900 गोल किए

आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार क्रिस्टियानो रोनाल्डो एकमात्र ऐसे पुरुष खिलाड़ी हैं जिन्होंने 900 से अधिक गोल किए हैं। रोनाल्डो ने यह उपलब्धि हासिल करने में मेस्सी से लगभग 100 मैच अधिक खेले। रोनाल्डो ने सितंबर 2024 में अपने करियर के 900 गोल पूरे किए। उस समय उनकी उम्र 39 वर्ष थी, जबकि मेस्सी जून में 39 वर्ष के होंगे।

### जानसन ने अविश्वसनीय उपलब्धि बताया

इस ऐतिहासिक गोल ने फुटबॉल जगत से बाहर के सितारों का भी ध्यान आकर्षित किया। बास्केटबॉल हॉल ऑफ फेमर मैजिक जॉनसन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि मेस्सी का 900 गोल तक पहुंचना ''अविश्वसनीय उपलब्धि है।'' कुछ लोगों का मानना है कि ब्राजील के दिग्गज पेले ने अपने करियर में 1,000 गोल का आंकड़ा पार कर लिया था, हालांकि आधिकारिक रिकॉर्ड के अनुसार उन्होंने लगभग 800 गोल किए थे।

# सरकार ने निर्यातकों के लिए 497 करोड़ रुपए की 'रिलीफ' योजना पेश की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण व्यवधान झेल रहे देश के निर्यातकों को राहत देने के लिए 497 करोड़ रुपये के परिव्यय वाली 'रेजिलिएंस एंड लॉजिस्टिक्स इंटरवेंशन फॉर एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन' (रिलीफ) योजना बृहस्पतिवार को शुरू की।

- योजना 17-18 भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने वाले निर्यातकों पर केंद्रित

वाणिज्य मंत्रालय में सचिव राजेश अग्रवाल ने सम्मेलन में कहा, '' हम निर्यात प्रोत्साहन मिशन के तहत एक नई योजना की घोषणा कर रहे हैं। यह विशेष रूप से उन 17-18 भौगोलिक क्षेत्रों में काम करने वाले निर्यातकों पर केंद्रित है जो इस संघर्ष से प्रभावित हुए हैं। इसका मकसद उनके सामने आ रही चुनौतियों को कम करना है। ''

## मकसद मिडिल ईस्ट संकट से आ रही चुनौतियों को कम करना

### योजना मुख्य रूप से खेप पर लागू होगी

यह योजना मुख्य रूप से उन खेप पर लागू होती है जिनकी आपूर्ति संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, कुवैत, कतर, ओमान, बहरीन, इराक, ईरान, इजराइल और यमन जैसे देशों से होती है या जो वहां से होकर गुजरते हैं। इस योजना के तीन प्रमुख हिस्से हैं। पहले हिस्से के तहत निर्यात दायित्व विस्तार शामिल है।



### आईएमजी का गठन किया गया

सचिव ने बताया कि विभिन्न सरकारी विभागों जैसे वाणिज्य मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय, बंदरगाह एवं नौवहन, वित्तीय सेवा विभाग, विदेश मंत्रालय और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई), सीबीआईसी आदि को शामिल करते हुए एक अंतर-मंत्रालयी समूह (आईएमजी) का गठन किया गया है। यह माल ढुलाई की स्थिति के आधार पर विकसित हो रहे हालात का आकलन करने के लिए प्रतिदिन बैठक करेगा।

### वित्तीय उपाय शामिल किए गए

ईसीजीसी (भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम) को कार्यान्वयन एजेंसी के रूप में नियुक्त करते हुए, राहत योजना के तहत पैकेज में निर्यात दायित्वों का स्वचालित विस्तार, लॉजिस्टिक संबंधी सहायता एवं खेप में देरी को प्रबंधित करने के लिए संभावित वित्तीय उपाय शामिल किए गए हैं।

### ईपीसीजी अनुमति का विस्तार 31 अगस्त 2026 तक

अग्रिम अनुमति और ईपीसीजी अनुमति (जो एक मार्च से 31 मई, 2026 के बीच देय हैं) का स्वतः विस्तार 31 अगस्त, 2026 तक बिना किसी जुर्माने के किया जाएगा। यह 14 फरवरी से 15 मार्च तक की तत्काल एक महीने की अवधि में ईसीजीसी द्वारा पहले से बीमित खेपों की सुरक्षा करता है। दूसरे हिस्से का उद्देश्य 16 मार्च से 15 जून तक की तीन महीने की अवधि में आगामी निर्यात खेपों के लिए ईसीजीसी 'कवरेज' को प्रोत्साहित करना और सुगम बनाना है।

### एमएसएमई को अधिभार के झटके से बचाने

तीसरी घटक विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम (एमएसएमई) को अधिभार के झटकों से बचाने के लिए बनाया गया है। यह 2014 फरवरी से 2015 मार्च तक एक महीने की अवधि में असाधारण माल ढुलाई और बीमा लागत की आंशिक प्रतिपूर्ति करता है। यह उन एमएसएमई निर्यातकों पर लागू होता है जिन्होंने ईसीजीसी 'कवरेज' नहीं लिया है।

## खबर संक्षेप

### एनटीपीसी रिन्यूएबल की खावड़ा परियोजना शुरू




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी की इकाई एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी ने गुजरात में 1,200 मेगावाट की खावड़ा-दो सौर परियोजना से 165 मेगावाट बिजली की वाणिज्यिक आपूर्ति शुरू कर दी है। एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित क्षमता 88,709 मेगावाट और वाणिज्यिक क्षमता 87,629 मेगावाट हो गई है।

### पीएनबी ने रोल्टा के एनपीए को बिक्री के लिए रखा




**मुंबई।** सार्वजनिक क्षेत्र के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने रोल्टा प्राइवेट लिमिटेड की 450.85 करोड़ रुपये की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को बेचने के लिए बोलियां आमंत्रित कीं। समाचार पत्रों में जारी एक नोटिस के अनुसार, इन एनपीए में हरियाणा के गुरुग्राम स्थित करीब 7,800 वर्ग मीटर क्षेत्रफल की जमीन और इमारत शामिल है।

### टाटा स्टील ने टीएसएचपी में निवेश को मंजूरी दी




**नई दिल्ली।** टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने नीलाचल इस्पात निगम लिमिटेड (एनआईएनएल) के अपने साथ विलय और अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी टी स्टील होल्डिंग्स पीटीई (टीएसएचपी) में दो अरब डॉलर के निवेश को मंजूरी दे दी। टीएस हॉस्पिटल प्राइवेट लिमिटेड में 1.49 करोड़ रुपये में हिस्सेदारी के अधिग्रहण को भी मंजूरी दे दी है।

### गुड़ी पड़वा पर विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहे

**मुंबई।** गुड़ी पड़वा के अवसर पर बृहस्पतिवार को विदेशी मुद्रा बाजार बंद रहे। रोज की तरह बाजार में शुक्रवार को कामकाज शुरू होगा।

### अमीर चंद का आईपीओ 24 मार्च को खुलेगा

**नई दिल्ली।** बासमती चावल निर्यातक अमीर चंद जगदीश कुमार (एक्सपोर्ट्स) लिमिटेड ने अपने आगामी आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए मूल्य दायरा 201-212 रुपये प्रति शेयर तय किया है। इससे कंपनी का मूल्यांकन 2,200 करोड़ रुपये आंका गया है।

### अतनु का एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन पद से इस्तीफा




**नई दिल्ली।** देश के दूसरे सबसे बड़े ऋणदाता एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती ने अचानक नैतिक चिंताओं का हवाला देते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यह पहली बार है जब एचडीएफसी बैंक के किसी अंशकालिक चेयरमैन ने कार्यकाल के बीच में पद छोड़ा है। इससे बैंक के कामकाज को लेकर सवाल उठे हैं। उनका कार्यकाल चार मई 2027 को समाप्त हो रहा था।

## मंत्रालय ने 18 मार्च को एक अधिसूचना जारी कर कहा

# ऊर्जा से जुड़ी जानकारी अब राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला, कंपनियों के लिए खुलासा अनिवार्य

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने ऊर्जा से जुड़ी जानकारी को राष्ट्रीय सुरक्षा मामले के रूप में वर्गीकृत किया है। इससे तेल एवं गैस क्षेत्र से जुड़ी सभी इकाइयों के लिए विस्तृत परिचालन जानकारी प्रदान करना अनिवार्य हो गया है।

पेट्रोलियम मंत्रालय के पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस (सूचना प्रदान करना) आदेश, 2026 के तहत सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों की रिफाइनरी कंपनियों, एलएनजी आयातकों, पाइपलाइन संचालकों, शहरी गैस वितरकों और पेट्रोरसायन कंपनियों को पेट्रोलियम योजना एवं विश्लेषण प्रकोष्ठ (पीपीएसी) को नियमित रूप से (कुछ मामलों में दैनिक आधार पर) विस्तृत जानकारी देनी होगी।

### गोपनीय प्रावधानों को निरस्त किया गया

मंत्रालय की 18 मार्च को जारी राजपत्र अधिसूचना के अनुसार, इस आदेश में उत्पादन, आयात, भंडार स्तर और खपत के प्रतिरूप से संबंधित आंकड़े और जानकारी शामिल है। यह मौजूदा गोपनीयता प्रावधानों को निरस्त करता है। पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण गैस और एलपीजी आपूर्ति बाधित होने के बाद ऊर्जा सुरक्षा संबंधी चिंताओं में वृद्धि के बीच यह कदम उठाया गया है।

### इन विषयों संबंधी देनी होगी सूचना

*आदेश में कहा गया, ''पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, प्रसंस्करण, भंडारण, परिवहन, आयात, निर्यात, विपणन, वितरण या उपभोग में शामिल प्रत्येक इकाई को पीपीएसी को पेट्रोलियम उत्पादों या प्राकृतिक गैस के उत्पादन, आयात, निर्यात, भंडार, आवंटन, परिवहन, आपूर्ति, उपभोग और उपयोग से संबंधित जानकारी... आदि सूचना देनी होगी।''*



***आपूर्ति में कमी के कारण उठाया गया कदम :*** *खाड़ी देशों से आपूर्ति में कमी के कारण औद्योगिक और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं को गैस और एलपीजी की आपूर्ति सीमित हुई है। मंत्रालय के इस आदेश का मकसद आपूर्ति में आने वाली रुकावटों पर त्वरित कदम उठाने, बिजली, उर्वरक और घरेलू एलपीजी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों को प्राथमिकता देने और खरीद संबंधी बेहतर निर्णय लेने के लिए एक केंद्रीकृत, वास्तविक समय पर उपलब्ध आंकड़ा रूपरेखा तैयार करना है।*

- इकाईयों को परिचालन की जानकारियां देना अनिवार्य होगा
- सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के लिए लागू
- उत्पादन, आयात, भंडार स्तर और खपत की जानकारी देनी होगी

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत आदेश जारी

*मंत्रालय ने आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत शक्ति का उपयोग करते हुए आदेश जारी किया। यह अधिनियम केंद्र सरकार को किसी भी आवश्यक वस्तु का भंडार रखने, उत्पादन करने, आयात करने, निर्यात करने या व्यापार करने वाले किसी भी व्यक्ति से उत्पादन, आपूर्ति, वितरण, स्टॉक या उपयोग से संबंधित ऐसी जानकारी प्रस्तुत करने की मांग करने का अधिकार देता है।*

### भारत कच्चे तेल का 88 फीसदी आयात करता है

*भारत अपने कच्चे तेल का लगभग 88 प्रतिशत, प्राकृतिक गैस का 50 प्रतिशत और एलपीजी का 60 प्रतिशत आयात करता है। युद्ध शुरू होने से पहले, भारत द्वारा आयात किए जाने वाले कच्चे तेल का आधे से अधिक हिस्सा सऊदी अरब, इराक और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आता था।*

### एलपीजी का 95 फीसदी हिस्सा जलडमरूमध्य से आता है

*एलपीजी का 85 से 95 प्रतिशत और गैस का 30 प्रतिशत हिस्सा भी इसी जलडमरूमध्य से आता था। युद्ध के कारण यह जलडमरूमध्य प्रभावी रूप से बंद हो गया है। इससे भारत की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि, कच्चे तेल की आपूर्ति में आई रुकावट की भरपाई रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका और लातिनी अमेरिका जैसे वैकल्पिक स्रोतों से आंशिक रूप से की गई है।*

# ईरान हमले के बाद ब्रेंट क्रूड 116.38 डॉलर

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

ईरान के कतर में एक प्रमुख प्राकृतिक गैस सुविधा और दो तेल रिफाइनरी पर हमले के बाद वैश्विक बाजार में तेल एवं प्राकृतिक गैस की कीमतों में बृहस्पतिवार को तेज उछाल आया। कतर की यह गैस सुविधा दुनिया की करीब पांचवें हिस्से की गैस की आपूर्ति करती है।

इन हमलों से यह आशंका बढ़ गई है कि टैंकर यातायात के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से उत्पन्न ऊर्जा संकट अपेक्षा से अधिक लंबा एवं व्यापक हो सकता है जिससे तेल एवं गैस उत्पादन को स्थायी नुकसान पहुंच सकता है। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट कच्चे तेल की कीमत बढ़कर 116.38 डॉलर प्रति बैरल हो गई, जो युद्ध से पहले 73 डॉलर प्रति बैरल से कम थी। प्राकृतिक गैस की कीमतों के यूरोपीय टीटीएफ मानक में बृहस्पतिवार को 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। ईरान के हमले में कतर के रास लफान टर्मिनल को निशाना बनाया गया, जहां से तरलीकृत प्राकृतिक गैस की आपूर्ति की जाती है।कतर



- तेल, प्राकृतिक गैस की कीमतों में उछाल
- कतर के तेल क्षेत्रों पर हमले से स्थिति बिगड़ी

आम तौर पर वैश्विक एलएनजी खपत का करीब 20 प्रतिशत आपूर्ति करता है जिसे जहाजों के जरिये भेजा जाता है। ड्रोन हमले के बाद यह सुविधा बंद हो गई। होर्मुज के अधिकतर टैंकर यातायात के लिए बंद होने से गैस की आपूर्ति के लिए कोई अन्य मार्ग नहीं बचा है। ईरान द्वारा खाड़ी देशों के ऊर्जा ढांचे पर किए गए हमलों से उत्पन्न व्यवधान यदि लंबे समय तक तेल और गैस की कीमतों को ऊंचा बनाए रखते हैं, तो यह वैश्विक अर्थव्यवस्था की महंगाई के लिए एक बड़ा जोखिम साबित होगा।

### तेल की ऊंची कीमतें जापान के लिए भी बोझ

तेल की ऊंची कीमतें जापान के लिए बड़ा बोझ हैं, जो दक्षिण कोरिया और ताइवान की तरह अपने उद्योगों के लिए कच्चे माल के अधिकतर हिस्से के लिए आयात पर निर्भर है जिनमें तेल एवं उसके उत्पादों की बड़ी भूमिका है।

# मोदी ने वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्रों में निवेश के लिए किया आमंत्रित

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



- भारत में निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार करने का किया आग्रह

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वैश्विक निवेशकों को बिजली क्षेत्र में निवेश करने के लिए बृहस्पतिवार को आमंत्रित किया और उनसे भारत में ''निर्माण, निवेश, नवाचार एवं विस्तार'' करने का आग्रह किया। भारत इलेक्ट्रिसिटी समिट' 2026 में केंद्रीय ऊर्जा सचिव पंकज अग्रवाल ने मोदी का लिखित संदेश पढ़ा जिसमें प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में भारत अपनी ऊर्जा यात्रा के एक निर्णायक मोड़ पर खड़ा है। मोदी ने कहा, '' मैं वैश्विक समुदाय को भारत में निर्माण करने, भारत में नवाचार करने, भारत में निवेश करने और भारत के साथ विस्तार करने के लिए आमंत्रित करता हूं। मुझे विश्वास है कि यह शिखर सम्मेलन सार्थक संवाद एवं स्थायी साझेदारियों को बढ़ावा देगा जो भारत की वृद्धि को ऊर्जा प्रदान करेंगी। पीएम ने कहा कि इस शिखर सम्मेलन का उद्देश्य पूरे बिजली व ऊर्जा तंत्र को एक मंच पर लाना है, ताकि विचारों का आदान-प्रदान हो, सहयोग को बढ़ावा मिले और विकास व जीवन स्तर सुधार के लिए साझा मार्ग तैयार किया जा सके।

## बीएमडब्ल्यू ने 'मिनी कूपर एस' बाजार में उतारी



**जयपुर।** जर्मनी की वाहन कंपनी बीएमडब्ल्यू ने लक्जरी कार ब्रांड 'मिनी' का विशेष संस्करण 'मिनी कूपर एस विक्ट्री संस्करण' बृहस्पतिवार को भारतीय बाजार में पेश किया। कंपनी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सीमित संख्या में बनने वाली यह कार तुरंत ग्राहकों को उपलब्ध होगी। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया के मुख्य कार्यकारी (सीईओ) हरदीप सिंह बरार ने यहां मीडिया से कहा कि 'मिनी कूपर एस विक्ट्री संस्करण' को जयपुर में पहली बार पेश करते हुए भारतीय बाजार में उतारा गया है। इसकी शोरूम कीमत 57,50,000 रुपये है। उन्होंने कहा कि 'मिनी' के इस विशेष संस्करण की सीमित कारें बनाई जाएंगी। यह कार पूरी तरह बनी बनाई (सीबीयू) इकाई के रूप में भारत में उपलब्ध होगी। इसके साथ ही बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया ने राजस्थान के जोधपुर शहर में भी अपना नया शोरूम खोलने की घोषणा की है। जयपुर व उदयपुर में कंपनी के शोरूम पहले से ही है।

# एडीबी 2026-30 रणनीति के तहत पाकिस्तान को देगा 10 अरब डॉलर

- यह सुविधा 2026-30 साझेदारी रणनीति का हिस्सा है

**इस्लामाबाद।** एशियाई विकास बैंक (एडीबी) के अगले पांच वर्ष में पाकिस्तान को करीब 10 अरब अमेरिकी डॉलर का वित्तपोषण प्रदान करने का अनुमान है। बृहस्पतिवार को जारी एक खबर में यह जानकारी दी गई। मनीला स्थित इस ऋणदाता संस्था ने कहा कि यह सुविधा उसकी 2026-30 देश साझेदारी रणनीति (सीपीएस 2026-30) का हिस्सा है जिसे बुधवार को शुरू किया गया। समाचारपत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बैंक ने कहा कि सीपीएस '' निजी क्षेत्र-नेतृत्व वाले विकास के माध्यम से देश को टिकाऊ एवं समावेशी वृद्धि की ओर ले जाने के लिए एक खाका प्रस्तुत करता है। इसमें कहा गया, /'' पांच वर्षीय रणनीति तीन मार्ग पर केंद्रित होगी। निजी क्षेत्र के विकास को सक्षम बनाना, समावेशन एवं सशक्तिकरण को आगे बढ़ाना और लचीलेपन व स्थिरता को मजबूत करना।''

# नए आवासीय प्रोजेक्ट 'वेदांता ग्रीन्स' का भव्य शुभारंभ आज

- शानदार ऑफर्स के साथ प्लॉट्स की बुकिंग कराने का मौका



**रायपुर।** शहर के रियल एस्टेट सेक्टर में एक और महत्वपूर्ण आवासीय परियोजना 'वेदांता ग्रीन्स' का भव्य शुभारंभ 20, 21 एवं 22 मार्च को छछानपैरी, ओल्ड धमतरी रोड पर होने जा रहा है। अष्टविनायक रियल्टीज एवं शुभ ड्रीम होम प्रा. लि. द्वारा विकसित इस प्रोजेक्ट के लॉन्च के दौरान ग्राहकों को आकर्षक ऑफर्स के साथ आधुनिक सुविधाओं से युक्त आवासीय प्लॉट्स की बुकिंग का अवसर मिलेगा।

यह प्रोजेक्ट विशेष रूप से बायर्स और निवेशकों दोनों के लिए उपयुक्त है। टाउन एंड कंट्री प्लानिंग से स्वीकृत तथा रेरा में पंजीकृत 'वेदांता ग्रीन्स' प्राइम लोकेशन और उत्कृष्ट कनेक्टिविटी के कारण निवेश के लिहाज से भी अहम माना जा रहा है। परियोजना भारत सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के निकट स्थित है, जिससे भविष्य में क्षेत्र का विकास और तेज होने की उम्मीद है।


### आधुनिक सुविधाएं और बेहतरीन कनेक्टिविटी

शुभ ड्रीम होम प्रा. लि. के डायरेक्टर अजय सिंधवानी ने बताया कि यह परियोजना अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है और यहां से शहर के प्रमुख स्थानों तक सुगम पहुंच उपलब्ध है। वहीं, डायरेक्टर शुभम अदलखा के मुताबिक लगभग 30 एकड़ में फैला यह प्रोजेक्ट 60 फीट चौड़ी मुख्य सड़क से सीधे जुड़ा हुआ है, जिससे इंटरस्टेट बस टर्मिनल, रायपुर रेलवे स्टेशन, एयरपोर्ट और नया रायपुर तक पहुंच आसान हो जाती है।

### तेजी से उभरता आवासीय हब

अष्टविनायक रियल्टीज के सीएमडी संतोष लोहाना ने बताया कि प्रोजेक्ट के आसपास शैक्षणिक संस्थान, अस्पताल और प्रमुख बाजार स्थित हैं, जो इसे आवास के लिए आदर्श बनाते हैं। ओल्ड धमतरी रोड क्षेत्र तेजी से विकसित होते आवासीय हब के रूप में उभर रहा है, जिससे 'वेदांता ग्रीन्स' की संभावनाएं और बढ़ गई हैं।

# उज्जवल ज्वेलर्स का 'ईयर एंड सेल' शुरू




**रायपुर।** शहर के प्रतिष्ठित आभूषण विक्रेता उज्जवल ज्वेलर्स द्वारा 'ईयर एंड सेल' की शुरुआत कर दी गई है। इस विशेष सेल में सोने और डायमंड ज्वेलरी पर आकर्षक छूट दी जा रही है, जिससे ग्राहकों को सुरक्षित और लाभदायक निवेश का अवसर मिल रहा है। शोरूम संचालक उज्जवल झाबक ने बताया कि इस ऑफर का उद्देश्य ग्राहकों को उनकी सालभर की बचत को एक सुरक्षित निवेश में बदलने का मौका देना है। सेल के तहत सोने के आभूषणों पर मेकिंग चार्ज फ्लैट 7 प्रतिशत रखा गया है। वहीं डायमंड ज्वेलरी पर बनवाई में 70 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। इसके साथ ही ग्राहकों को पुराने सोने के बदले 100 प्रतिशत एक्सचेंज वैल्यू का लाभ भी मिलेगा। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शोरूम में अत्याधुनिक गोल्ड और डायमंड टेस्टिंग मशीन की व्यवस्था की गई है, जिससे आभूषणों की शुद्धता की तुरंत जांच संभव है। सभी आभूषण हॉलमार्क्ड और प्रमाणित हैं, जिससे गुणवत्ता को लेकर ग्राहकों में भरोसा बना रहता है। सदर बाजार स्थित शोरूम में आने वाले ग्राहकों के लिए वैलेट पार्किंग सहित अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराई गई हैं।

# चांदी में 17,800 रुपए की भारी गिरावट, सोना 7,000 लुढ़का

- चांदी टूटकर 2.38 लाख रुपए प्रति किलोग्राम

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को चांदी की कीमतें 17,800 रुपये लुढ़ककर 2.38 लाख प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि वैश्विक जिंस बाजारों में भारी बिकवाली के चलते सोने की कीमत 7,000 रुपये के नुकसान के साथ 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम रह गई।

- सोना लुढ़कर 1.53 लाख प्रति 10 ग्राम रह गया

अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत 17,800 रुपये या लगभग सात प्रतिशत गिरकर 2,38,700 प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) रह गई, जो बुधवार को बंद हुई कीमत 2,56,500 रुपये प्रति किलोग्राम से काफी कम है। चांदी अब 29 जनवरी को दर्ज किए गए अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 4,04,500 रुपये प्रति किलोग्राम से 1,65,800 रुपये या 41 प्रतिशत तक नीचे आ चुकी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना भी 7,000 रुपये या 4.37 प्रतिशत के नुकसान के साथ 1,53,300 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गया, जो पिछली बंद कीमत 1,60,300 रुपये प्रति 10 ग्राम से कम है। सोने की कीमत 29 जनवरी को दर्ज किए गए अपने अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 1,83,000 रुपये प्रति 10 ग्राम से 29,700 रुपये या 16.23 प्रतिशत तक गिर चुकी है। विश्लेषकों ने सर्राफा कीमतों में इस भारी गिरावट का कारण कई कारकों के मेल को बताया, जिनमें बढ़ती महंगाई की चिंताएं, केंद्रीय बैंकों का सख्त रुख (विशेष रूप से अमेरिकी फेडरल रिज़र्व और बैंक ऑफ़ जापान का), और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी शामिल है।

### पेट्रोलियम कंपनियों के शेयर लुढ़के

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से पेट्रोलियम विपणन कंपनियों के शेयरों में बृहस्पतिवार को भारी गिरावट दर्ज की गई। बाजार विश्लेषकों के अनुसार, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से उनके शोधन और विपणन मार्जिन पर दबाव पड़ने का जोखिम है। इससे तेल विपणन कंपनियों पर दबाव बढ़ गया है। बीएसई में हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि. का शेयर 7.01 प्रतिशत टूटकर 324.80 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, यह 7.87 प्रतिशत की गिरावट के साथ 52 सप्ताह के निचले स्तर 321.80 रुपये पर आ गया था।

# भारत-ईयू एफटीए से स्पोर्ट्स कार लैम्बोर्गिनी को लाभ नहीं

**नई दिल्ली।** इटली की सुपर स्पोर्ट्स कार विनिर्माता कंपनी ऑटोमोबिली लैम्बोर्गिनी को भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) से फिलहाल कोई लाभ नहीं मिलेगा। कंपनी के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) स्टीफन विंकेलमैन ने कहा कि इस समझौते में 'प्लग-इन हाइब्रिड' वाहनों को शामिल नहीं किया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् सिमगा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)**

क्र./85 /न.पा.प./ लो.नि.वि./2025-26 सिमगा, दिनांक 19 मार्च 2026

**जेम पोर्टल ऑन लाईन बिड आमंत्रण सूचना**

एतद् द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online Bid) बिड आमंत्रित की जाती है:-

| S. NO | Bid No. | Specification Parameter | Estimated Bid Value | Earnest Money Deposite | Bid End Date/Time | Bid Opening Date/Time |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Bid Number: GEM/2026 /B/7375569 | Manpower Outsourcing Services Minimum wage - Unskilled; Not Required; Others Manpower Outsourcing Services Minimum wage - Semi-skilled; Not Required; Others Manpower Outsourcing Services Minimum wage - Skilled; Secondary School; Others Manpower Outsourcing Services Minimum wage - Highly-Skilled; Secondary School; Others | 6974492.19 (Six Million Nine Hundred Seventy-Four Thousand Four Hundred Ninety-Two Rupees and Nineteen Paise) | 70000.00 (Seventy Thousand Rupee) | 02-05-2026 17:00:00 | 02-05-2026 17:30:00 |

टीपः- विभागीय वेबसाईट http://www.uad.cg.gov.in पर बिड आमंत्रण सूचना देखी जा सकती है, अन्य विस्तृत जानकारी http://gem.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् सिमगा**

**न्यायालय आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर**

**राजस्व नोटिस**

रा.प्र.क्र. 114 अ/6 वर्ष 2025-26

प्रति,

1. केशव नाई पिता श्री शिवनारायण कौशिक निवासी-विन्ध्यवासिनी वार्ड धमतरी तहसील व जिला-धमतरी (छ.ग.)
2. अनीता बाई पति श्री महादेव पिता परसराम तिवारी निवासी-महिमासागर वार्ड धमतरी तहसील व जिला- धमतरी (छ.ग.)

आपके ज्ञात पते पर प्रेषित नोटिस तामिल नहीं होने से दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि अपीलार्थी श्री अशोक कुमार पिता श्री परसराम तिवारी, निवासी विन्ध्यवासिनी वार्ड धमतरी, तहसील व जिला धमतरी के द्वारा इस न्यायालय प्र.क्र. 82 अ/6 वर्ष 2016-17 में पारित आदेश दिनांक 23.12.2025 के विरूद्ध पुर्नविलोकन पेश किया है, जिसमें आपको उत्तरवादी बनाया गया है। प्रकरण में आगामी पेशी दिनांक 02.04.2026 हेतु नियत है।

अतएव आप निर्धारित तिथि 02.04.2026 को 11.00 बजे इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। न्यायालय में उपस्थित नहीं होने की दशा में प्रकरण में आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए अग्रिम कार्यवाही की जावेगी ।

आज दिनांक 10.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**आयुक्त**
**रायपुर संभाग**
**रायपुर (छ.ग.)**


राजेश वासवानी
मोहन तेजवानी
बी.एस. प्रेमचंदानी
राजेश शोपटानी
महेन्द्र आहूजा
रमेश मिरघानी
राजेश वाधवानी
हेमंत सेवलानी
सेवक प्रेमचंदानी
चेट्रीचण्ड एवं चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनायें
अजीत कुकरेजा
पूर्व पार्षद एवं एम.आई.सी. मेम्बर
संयुक्त महामंत्री : प्रदेश कांग्रेस कमेटी
श्रीचंद सुंदरानी
पूर्व विधायक
बसंत कुकरेजा
मुखी : पूज्य सिंधी पंचायत तेलीबांधा
राजेश जेठानी
कार्यकारी अध्यक्ष : पूज्य सिंधी पंचायत तेलीबांधा
आनंद कुकरेजा
पूर्व महामंत्री : प्रदेश कांग्रेस कमेटी
अध्यक्ष : छ.ग. सिंधी कल्याण समिति
विजय कुकरेजा
सुनील जेठानी
अशोक पंजवानी
विक्की लोहाना
नंदलाल खिलनानी
हीरानंद दुल्हानी
लक्ष्मण जगवानी
विजय केसवानी
प्रकाश मेघानी
जय केशवानी
चेतन तारवानी
सोनू नेभानी
गुरमुख आहूजा
भीषम कुकरेजा
विशाल नेभानी
मोहन नेभानी
दीपक थावानी
गुल्लु हिन्दूजा
भरत बबलानी
सुरेश आहूजा
अनूप मसंद
विजय खिलनानी
रूपचंद कुकरेजा
अमर परवानी
सेवक कुकरेजा
अनिल केवलानी
विजय सुंदरानी
सौजन्य :- पूज्य सिंधी पंचायत रविग्राम, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.)
हरीश संतवानी
मनोज आहूजा
अमित मूलचंदानी
सागर दुल्हानी
अजय प्रेमचंदानी
गिरीश कुकरेजा
सुनील कुमार कुकरेजा
संजय जगवानी
लक्की कुकरेजा
देवानंद शर्मा
डिम्पल शर्मा






# धरती पर इंसान भी नहीं थे, तब बना होर्मुज स्ट्रेट

**दुनिया पर राज करने वाले समुद्री गलियारे के बनने की कहानी**

**तेहरान।** अमेरिका-इजरायल और ईरान की जंग के बीच आज किसी चीज की सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, तो वह है होर्मुज जलडमरूमध्य है। इसे स्ट्रेट ऑफ होर्मुज भी जाता है। दुनिया के सबसे प्रमुख ऊर्जा मार्गों में से एक माने जाने वाले इस संकरे समुद्री गलियारे से दुनिया का 20 फीसदी ऊर्जा व्यापार गुजरता है। फिलहाल यह जगह ईरान की ताकत और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के लिए परेशानी की वजह बन गई है। लेकिन, पानी की यह संकरी पट्टी आज आधुनिक दुनिया पर कैसे राज करती है, इसे जानने के लिए इतिहास की गहराई में झांकना होगा।

### फारस की खाड़ी का नहीं था अस्तित्व

वैज्ञानिक अध्ययनों से पता चलता है कि इस जलडमरूमध्य की भूमिका लाखों साल पहले पृथ्वी की पपड़ी पर लिख दी गई थी। उस समय धरती पर पहला इंसान पैदा भी नहीं हुआ था। धरती की स्टडी से पता चलता है कि 6000 साल पहले फारस की खाड़ी का अस्तित्व ही नहीं था। उस समय न अरब था, न ईरान और उनके बीच से गुजरने वाला होर्मुज जलडमरूमध्य।



### धरती पर लाखों साल की हलचल

आज का अरब प्रायद्वीप लाखों वार्ष पहले गोंडवाना नामक विशाल दक्षिणी महाद्वीप में था। आज यह इलाका बदलाव के साथ अफ्रीका में बदल चुका है। इसके उत्तर में टेथीस महासागर था, जो इसे यूरेशिया के तटों से अलग करता था। लगभग 180 मिलियन वर्ष पहले गोंडवाना में टूट शुरू हुई, जिससे भारतीय और अरब प्लेटें उत्तर की ओर बढ़ीं। लाखों सालों तक ये प्लेटें यूरेशियाई प्लेट की तरफ गति करती रहीं। इस दौरान उनके बीच टेथीस सागर संकरा होता गया।

### अरब सागर से जोड़ता है

जाग्रोस पर्वत इस बेसिन की उत्तरी सीमा है, जबकि फारस की खाड़ी इसकी तलहटी बनाती है। स्टडी से पता चलता है कि जाग्रोस पर्वत पृथ्वी की पपड़ी को एक संकरे और उथले क्षेत्र में नीचे की ओर दबाते हैं। यही वजह है कि खाड़ी केवल 110 मीटर गहरी है और इसकी चौड़ाई 340 किलोमीटर तक है। दक्षिणी पूर्वी सिरे पर जहां ये पहाड़ समुद्र में मिलते हैं, वहां, अरब प्रायद्वीप और ईरान का तट इतने करीब आ जाते हैं कि उनके बीच का फासला महज 40 किमी का रह जाता है। इसी संकरे रास्ते को होर्मुज जलडमरूमध्य कहा जाता है, जो फारस की खाड़ी को खुले समुद्र (अरब सागर) से जोड़ता है।

# अब रात में भी मिलेगी सूरज की रोशनी!

**अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे 50,000 शीशे, रात को दिन बनाने की चल रही तैयारी**

**वॉशिंगटन।** क्या रात में भी दिन जैसी रोशनी मिल सकती है? सुनने में यह किसी फिल्म की कहानी जैसा लगता है, लेकिन अब इसे हकीकत बनाने की तैयारी हो रही है। अमेरिका की एक कंपनी अंतरिक्ष में हजारों बड़े-बड़े शीशे भेजकर पृथ्वी पर रात के समय भी सूरज की रोशनी पहुंचाने की योजना बना रही है।

### क्या है पूरा प्लान

अमेरिका की कंपनी रिफ्लेक्ट ऑर्बिटल इस अनोखे प्रोजेक्ट पर काम कर रही है। कंपनी का लक्ष्य है कि पृथ्वी के चारों ओर करीब 50,000 बड़े मिरर (शीशे) लगाए जाएं, जो सूरज की रोशनी को रात में धरती पर रिफ्लेक्ट करेंगे। शुरुआत में कंपनी एक छोटा प्रोटोटाइप लॉन्च करने की तैयारी में है, जिसमें लगभग 60 फीट चौड़ा मिरर होगा। यह मिरर करीब 3 मील के इलाके को रोशन कर सकेगा। जमीन से देखने पर यह किसी चमकते तारे या फुल मून जैसा दिखाई देगा।



### कितनी होगी कीमत

इस अनोखी 'रात की धूप' की कीमत भी कम नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, कंपनी एक मिरर की रोशनी के लिए करीब 4.6 लाख रुपए (लगभग $5,000) प्रति घंटे चार्ज कर सकती है, वो भी तब जब ग्राहक सालभर के लिए लंबा कॉन्ट्रैक्ट करे।

### 2030 तक बड़ा प्लान

कंपनी का लक्ष्य है कि 2028 तक करीब 1,000 सैटेलाइट लॉन्च किए जाएं और 2030 तक यह संख्या बढ़ाकर 5,000 कर दी जाए। भविष्य में बड़े मिरर करीब 180 फीट चौड़े होंगे और एक साथ मिलकर 100 फुल मून जितनी रोशनी पैदा कर सकते हैं।

### कहां इस्तेमाल हो सकती है यह रोशनी

इस तकनीक का इस्तेमाल कई जगहों पर किया जा सकता है।

- आपातकालीन स्थितियों में
- बड़े इवेंट्स में
- सोलर फार्म्स को अतिरिक्त रोशनी देने के लिए। हालांकि, इसके लिए कई सैटेलाइट्स को एक साथ काम करना होगा, जिससे लागत और जटिलता बढ़ सकती है।

### उठ रहे हैं कई सवाल

इस प्रोजेक्ट को लेकर कई वैज्ञानिक और विशेषज्ञ चिंता भी जता रहे हैं। उनका कहना है कि-

- यह रोशनी हवाई जहाज के पायलट्स को प्रभावित कर सकती है।
- खगोल विज्ञान पर असर पड़ सकता है।
- इंसानों और जानवरों की जैविक घड़ी बिगड़ सकती है।
- जानवरों के व्यवहार, प्रजनन और माइग्रेशन पर असर पड़ सकता है।

### दुनिया में चल रहे ऐसे और प्रयोग

ग्लोबल वॉर्मिंग को कम करने के लिए दुनिया भर में कई प्रयोग चल रहे हैं। उदाहरण के तौर पर, ब्रिटेन की उन्नत अनुसंधान और आविष्कार एजेंसी एक प्रोजेक्ट पर काम कर रही है, जिसमें सूरज की रोशनी को कम करके पृथ्वी का तापमान घटाने की कोशिश की जा रही है। इन प्रयोगों में समुद्र के ऊपर नमक के कण फैलाना और वायुमंडल में छोटे कण छोड़ना शामिल है।


# जैसे ही जमीन खोदो, निकल आते हैं नागराज!

**बुंदेलखंड के इस टीले में छिपा है 1000 साल पुराना रहस्य**

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले के ढाना गांव के पास स्थित पटनेश्वर धाम इन दिनों रहस्यमयी खोज को लेकर चर्चा में है। यहां जमीन की खुदाई में कलचुरी काल यानी 10वीं से 12वीं शताब्दी की प्राचीन मूर्तियां मिलने का दावा किया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जैसे ही खुदाई शुरू होती है वहां नागराज निकलने लगते हैं, जिससे काम रोकना पड़ता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यहां कभी प्राचीन मंदिर या बस्ती रही होगी जो समय के साथ मिट्टी में दब गई। अगर इस क्षेत्र में वैज्ञानिक तरीके से उत्खनन किया जाए तो कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक रहस्य सामने आ सकते हैं। वीर बुंदेलाओं की धरती कहे जाने वाले बुंदेलखंड का इतिहास सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं है। यहां की मिट्टी, खंडहर और पुराने टीले आज भी बीते समय की कहानियां सुनाते हैं। सागर जिले के ढाना गांव के पास स्थित पटनेश्वर धाम इन दिनों एक रहस्यमयी वजह से चर्चा में है। यहां जमीन की खुदाई के दौरान लगातार प्राचीन मूर्तियां और पत्थर निकल रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि ये मूर्तियां हजारों साल पुरानी हैं और संभवतः किसी प्राचीन मंदिर या बस्ती के अवशेष हैं।

### खुदाई में मिल रही कलचुरी कालीन मूर्तियां

स्थानीय लोगों के मुताबिक यहां खुदाई में जो मूर्तियां निकल रही हैं, उन्हें कलचुरी काल यानी 10वीं से 12वीं शताब्दी के आसपास का माना जा रहा है। हालांकि, अभी तक इसका कोई आधिकारिक पुरातात्विक सर्वे नहीं हुआ है, लेकिन विशेषज्ञ मानते हैं कि यह स्थान शोध का बड़ा विषय हो सकता है।



### पुरातत्व विशेषज्ञों ने बताई ऐतिहासिक संभावना

डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय सागर के प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातत्व विभाग के अध्यक्ष डॉ. नागेश दुबे बताते हैं कि ढाना और आसपास का क्षेत्र काफी प्राचीन है। उनके अनुसार 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच इस इलाके में कलचुरी शासकों का शासन रहा होगा और उन्होंने यहां शैव धर्म से जुड़े मंदिर भी बनवाए थे। डॉ. दुबे का मानना है कि जब ये मंदिर नष्ट हुए तो उनके अवशेष जमीन के अंदर दब गए और धीरे-धीरे टीले बन गए। यदि यहां वैज्ञानिक तरीके से पुरातात्विक उत्खनन किया जाए तो निश्चित रूप से कई महत्वपूर्ण ऐतिहासिक अवशेष सामने आ सकते हैं।

### नागराज कर रहे हैं खजाने की रखवाली?

बुंदेलखंड की लोक कथाओं में कहा जाता है कि जहां जमीन के अंदर धन या प्राचीन खजाना छिपा होता है, वहां सांपों का डेरा हो जाता है। स्थानीय लोग मानते हैं कि यहां भी कुछ ऐसा ही हो सकता है। इसी वजह से लोग इस जगह को लेकर श्रद्धा और डर दोनों महसूस करते हैं और अब कोई भी ज्यादा गहराई तक खुदाई करने की हिम्मत नहीं करता।

# इस कीड़े ने 11 दिन में बदला अपना चोला गुलाबी से हो गया हरा



**नई दिल्ली।** पनामा के ट्रॉपिकल जंगलों में वैज्ञानिकों ने एक बेहद दुर्लभ नजारा देखा है। स्मिथसोनियन ट्रॉपिकल रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों को एक मादा कैटीडिड मिली, जिसका रंग गहरा गुलाबी था। आमतौर पर इस प्रजाति के कीड़े हरे रंग के होते हैं। साइंटिफिक नैचुरलिस्ट में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, इस कीड़े ने कैद में रहने के दौरान अपने रंग में बड़ा बदलाव किया। रिसर्च के चौथे दिन इसका गहरा गुलाबी रंग हल्का पड़ने लगा। हैरानी की बात यह है कि 11वें दिन तक यह कीड़ा अपनी प्रजाति के दूसरे हरे कीड़ों जैसा दिखने लगा। वैज्ञानिकों के लिए यह एक बड़ी खोज है, क्योंकि इससे पहले किसी कीड़े में एक ही लाइफ स्टेज में ऐसा रंग बदलते नहीं देखा गया। अब तक माना जाता था कि कीड़ों का गुलाबी होना एक खतरनाक म्यूटेशन है।










हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com